दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



स्किन की करें प्रॉपर केयर......



सिंगल मदर के लिए बच्चों की परवरिश है.......

वर्ष : 11 | अंक : 22 | लखनऊ, 08 जनवरी, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# चीनी वायरस का संकट, योगी की फोर्स अलर्ट, सीएम ने की बैठक

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, वायरस का नाम सुनते ही कोविड काल की डरावनी यादें ताजा हो गई। शहरों का संपूर्ण लॉकडाउन, दुकानों के शटर डाउन, दफ्तरों पर ताले और घरों की बालकॉनी में कैद इंसान। अस्पताल में अपनों को खोने का दर्दनाक पल और शमशान घाट में शवों का रेला। हिंदुस्तान ने क्या क्या नहीं झेला। एक बार फिस से हिंदुस्तान में एचएमपीबी वायरस केस आने से हड़कंप मच गया है। चीन के वुहान से फैले इस वायरस का संक्रमण बेंगलुरु और अहमदाबाद के बाद नागपुर में भी देखने को मिला है। इस वायरस की हिंदुस्तान में घुसपैठ बेहद गलत वक्त पर हुई है। महाकुंभ में अब हफ्ते भर का वक्त बचा है। महाकुंभ में भी इस वायरस की एंट्री का खौफ सता रहा है। याद होगा कि कोरोना काल में पहला मरीज केरल में मिला और इसके 15 दिन के भीतर ही पूरे देश में वायरस का कोहराम मच गया। इस बार एचएमपीबी वायरस के केस मिलने के बाद कोई ये दावे से नहीं कह सकता कि ये तेजी से नहीं फैलेगा और प्रयागराज तक नहीं पहुंचेगा।

## एचएमपीवी वायरस पर योगी की बैठक

इस वायरस के खतरे को देखते हुए महाकुंभ में भी बड़ी तैयारी की गई है। महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग पहुंचने वाले हैं। नए वायरस को लेकर आज यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आपात बैठक बुलाई है। वह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में वायरस से निपटने के लिए राज्य सरकार की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

### समाजवादी सांसद ने सरकार से की अपील

समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने आगामी प्रयागराज महाकुंभ के दौरान एचएमपीवी वायरस से उत्पन्न संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में चिंता जताई है। उन्होंने चीन से आने वाले जहाजों की कड़ी निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया और सरकार से इस कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बनाने वालों पर कड़ी नजर रखने का आग्रह किया। महाकुंभ में बड़ी सभाओं और करीबी बातचीत पर प्रकाश डालते हुए, सिंह ने बीमारी के संचरण के बढ़ते खतरे की चेतावनी दी।

### महाकुंभ में चीन से आने वालों की एंट्री होगी बैन?

चीनी वायरस से महाकुंभ में भी अलर्ट जारी किया गया है। एचएमपीबी वायरस से महाकुंभ में खौफ है। चीन से आने वालों पर प्रतिबंध की मांग उठी है। संतों ने प्रतिबंध की अपील की है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने मांग की है कि चीन से आ रही फ्लाइटों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए और महाकुंभ में चीन से आने वालों को बैन किया जाए। उन्होंने ये अपील की कि महाकुंभ में चीन से या वहां की यात्रा करके आया कोई भी व्यक्ति नहीं घुसना चाहिए।

# धार्मिक स्थानों में वीआईपी संस्कृति की उपराष्ट्रपति ने की आलोचना

## यह देवत्व के खिलाफ, इसे खत्म किया जाना चाहिए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्री मंजुनाथ स्वामी में पूजा करने वाले भक्तों के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए श्री सानिध्य परिसर का उद्घाटन करने के लिए मंगलवार को कर्नाटक में श्री क्षेत्र धर्मस्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थानों पर वीआईपी संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हाल के वर्षों में एक सुखद बदलाव बुनियादी ढाँचे का विकास रहा है जो हमारे धार्मिक स्थानों के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी सराहना की जानी चाहिए क्योंकि ये हमारे सभ्यतागत मूल्यों के भी केंद्र हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए। जब प्राथमिकता दी जाती है, जब किसी को प्राथमिकता दी जाती है, जब हम इसे वीवीआईपी या वीआईपी के रूप में लेबल करते हैं, तो यह समानता की अवधारणा को कमजोर करता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वीआईपी संस्कृति एक विपथन है, समानता के आधार पर देखा जाए तो यह एक घुसपैठ है। इसका समाज में तो क्या धार्मिक स्थलों में भी कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि सर्वकालिक महान व्यक्ति के नेतृत्व में यह धर्मस्थल समतावाद का उदाहरण बनेगा और हमें सर्वकालिक वीआईपी संस्कृति से दूर रहना होगा। वीआईपी दर्शन का विचार ही देवत्व के विरुद्ध है। इसे खत्म किया जाना चाहिए। नई सुविधा की परिकल्पना डी वीरेंद्र हेगड़े ने की है और यह दर्शन के इच्छुक भक्तों के लिए मौजूदा कतार प्रणाली का एक उन्नत प्रतिस्थापन है। मंदिर प्रबंधन ने कहा कि श्रीक्षेत्र धर्मस्थल में प्रारंभिक कतार प्रणाली दशकों पहले शुरू की गई थी, लेकिन धार्मिक स्थल पर भक्तों की बढ़ती संख्या के कारण प्रतीक्षा अवधि लंबी हो गई।

## मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

# सरोगेसी कानूनों में आयु प्रतिबंधों की समीक्षा की मांग

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मामले में अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को कानूनों के तहत सरोगेट माताओं और अन्य लोगों के लिए आयु सीमा से संबंधित 11 फरवरी के मुद्दों की जांच करने के लिए सहमत हो गया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सरोगेसी विनियमन अधिनियम और सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 15 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र से मामले में अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा।

केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह लिखित दलीलें दाखिल करेंगी और सरकार शीर्ष अदालत के निर्देशों का पालन करेगी। अदालत ने मामले में अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। 2021 सरोगेसी कानून भावी माता-पिता और सरोगेट माताओं के लिए आयु सीमा निर्धारित करता है। कानून के अनुसार, भावी मां की आयु 23 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए, और भावी पिता की आयु 26 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# लोगों पर डाला जा रहा दबाव, झूठे मुकदमे फंसाये जा रहे

## संभल को लेकर अखिलेश यादव का बड़ा आरोप

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के मुखिया और सांसद अखिलेश यादव ने एक बार फिर से संभल की घटना को लेकर योगी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल संभल जाकर लोगों से बात करना चाहता था। सरकार ने हमें इजाजत नहीं दी। वे दिल्ली और लखनऊ से तैयार हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। लेकिन जब उन्होंने दूसरी बार जाना चाहा तो पुलिस ने उन्हें इजाजत दे दी। उन्होंने सवाल किया कि सरकार पहली बार में क्या छिपाना चाहती थी?

सपा प्रमुख ने दावा किया कि वहां लोगों पर दबाव डाला जा रहा है, झूठे मुकदमे फंसाये जा रहे हैं। पूरी घटना सरकार द्वारा मनगढ़ंत बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जब हमारे पास पहले से ही पूजा स्थल अधिनियम, 1991 है तो सर्वेक्षण की जल्दी क्यों थी? इसके अनुसार सर्वे नहीं कराया जा सकता। लेकिन इसे एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि ये दंगे नहीं थे, प्रशासन द्वारा गोलियां चलाने से लोगों की जान चली गयी।

उन्होंने सवाल किया कि अधिकारियों पर ऐसा क्या दबाव है कि वे अलोकतांत्रिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं? जेल जाने वाले लोगों को इतना पीटा गया कि वे लगभग मर ही सकते थे। उन पर सरकार के मुताबिक बयान देने का दबाव बनाया जाता है। हमारे प्रतिनिधिमंडल से मिलने के बाद अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और निलंबन भी जाति के आधार पर किया गया। इससे पहले समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने संभल का दौरा किया और 24 नवंबर को संभल में हुई घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये का चेक सौंपा था।

संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि संभल ही नहीं पूरा प्रदेश और देश शर्मसार है। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कुछ विवाद थे लेकिन अब यह मामला खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि यहां लोग शांति से रह रहे थे लेकिन इसे अशांत कर दिया गया। हमारे पांच लोग मारे गए। हमने संभल के लोगों की आवाज उठाई। सपा सांसद ने सवाल करते हुए कहा कि यह कैसा न्याय है कि हमारे लोगों को मार दिया गया और हम पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया?

## संक्षिप्त समाचार

### माइनस 10 डिग्री सेल्सियस में भी दौड़ेगी वंदे भारत, बर्फबारी का भी नहीं होगा असर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत की सबसे शानदार और लोकप्रिय ट्रेनों में से एक वंदे भारत एक्सप्रेस पहाड़ों पर विजय पाने के लिए तैयार है। जल्द ही, यह पहाड़ी क्षेत्रों में परिचालन शुरू करेगी, जिससे यह इन चुनौतीपूर्ण इलाकों में नेविगेट करने वाली अपनी तरह का पहली ट्रेन बन जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की है कि भारी बर्फबारी और -10 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान सहित विषम परिस्थितियों में भी ट्रेन निर्बाध रूप से काम करेगी। मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित, विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस कठोर मौसम की स्थिति को संभालने के लिए सुसज्जित है। यह विकास बहुप्रतीक्षित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के शुभारंभ के साथ हुआ, जो कश्मीर घाटी तक आरामदायक रेल सेवाओं का विस्तार करेगा। परियोजना के बारे में बोलते हुए, अधिकारियों ने कहा कि रेलवे का विचार 1898 में शुरू हुआ था, लेकिन पहाड़ों में रेलवे बनाने की कठिनाइयों और अब प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण इसमें देरी हुई; इसलिए, यह परिकल्पना अंततः वास्तविकता बन रही है।

उत्तर रेलवे के मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, अमरेंद्र कुमार चंद्रा ने ट्रेन की असाधारण क्षमताओं को लेकर जानकारी दी है।

स्व-हीटिंग विंडशील्ड: छोटे हीटिंग तत्वों का उपयोग करके बर्फ के निर्माण को रोकेगा।

गर्म पानी के वाइपर: ऑपरेशन के दौरान बर्फ को प्रभावी ढंग से साफ करने के लिए डिजाइन किया गया।

आइस कटर: ट्रैक से बर्फ हटाने के लिए लगाए गए हैं, जिससे चलने में आसानी होती है।

तापमान-नियंत्रित वॉशरूम: वे बर्फीली परिस्थितियों में भी इष्टतम उपयोग के लिए विनियमित हीटिंग से सुसज्जित हैं।

# प्रवासी भारतीय दिवस ओडिशा के लिए अपनी समृद्ध विरासत प्रदर्शित करने का अवसर : जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



भुवनेश्वर । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम ओडिशा के लिए अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को विश्व के समक्ष प्रदर्शित करने का अवसर है। तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम बुधवार से यहां शुरू होने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रवासी केंद्र सरकार के साथ भारतीय समुदाय के जुड़ाव को मजबूत करने और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जोड़ने के लिए हर दो साल में एक बार आयोजित किया जाता है। कड़ी सुरक्षा के बीच जयशंकर अपनी पत्नी के साथ कोणार्क में 13वीं सदी के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर और पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर गए।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज कोणार्क में भव्य सूर्य मंदिर के दर्शन कर बहुत खुशी हुई। हमारी विरासत और रचनात्मकता का प्रमाण, कोणार्क आने वाले दिनों में भुवनेश्वर की यात्रा करने वाले हमारे सभी प्रवासी मित्रों के लिए अवश्य आने लायक जगह है। उन्होंने प्रसिद्ध कोणार्क चक्र की दो तस्वीरें भी पोस्ट कीं। बाद में, मंत्री ने पुरी में 12वीं सदी के श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की।

उन्होंने मंदिर के अंदर लगभग 40 मिनट बिताए और मंदिर और देवताओं के बारे में पुजारियों और सेवकों से बातचीत की। उन्होंने कहा, भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस समारोह की शुरूआत से पहले भगवान जगन्नाथ के दर्शन का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रवासी भारतीय दिवस पहली बार ओडिशा में आयोजित किया जा रहा है। हमने ओडिशा सरकार के साथ मिलकर सभी प्रयास किए हैं। यह ओडिशा के लिए पूरी दुनिया के सामने अपनी छवि पेश करने और विश्व फलक पर आकर्षण का केंद्र बनने का एक अवसर है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर भुवनेश्वर का दौरा करेंगे।

# उम्मीद है आयोग दिल्ली में चुनाव को सांप्रदायिकता से दूषित होने से बचाएगा - मायावती

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया और उम्मीद जतायी कि निर्वाचन आयोग सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही चुनाव को साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से दूषित होने से बचाएगा। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली विधानसभा चुनाव आगामी पांच फरवरी 2025 को एक चरण में होगा। निर्वाचनआयोग द्वारा इस बारे में की गयी घोषणा का स्वागत।

उन्होंने कहा, बसपा यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले अपने बलबूते पर लड़ रही है। उम्मीद है कि पार्टी इस चुनाव में जरूर बेहतर प्रदर्शन करेगी। मायावती ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल व धनबल से दूर रहने वाली गरीबों-मजलूमों की पार्टी बसपा आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। बसपा प्रमुख मायावती ने अपनी पोस्ट में मतदाताओं से अपील करते हुए कहा, वे किसी पार्टी के लुभावने वादे के बहकावे में ना आकर अपने वोट का पूरी समझदारी से इस्तेमाल करके जनहित एवं जनकल्याण को समर्पित बसपा के उम्मीदवारों को ही वोट करें, यही अपील। इसी में ही जन व देशहित निहित एवं सुरक्षित है।

# आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत, यौन शोषण केस में मिली जमानत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्वयंभू 'भगवान' आसाराम बापू को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी, जिसमें जेल के बाहर अपने अनुयायियों से मिलने पर प्रतिबंध भी शामिल है। आसाराम को जोधपुर पुलिस ने 31 अगस्त 2013 को बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार किया था और तब से वह जेल में हैं। एक किशोरी लड़की ने उन पर जोधपुर के पास मणाई गांव में उनके आश्रम में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर की रहने वाली लड़की आश्रम में छात्रा थी।

अप्रैल 2018 में जोधपुर की एक अदालत ने आसाराम को 2013 में अपने आश्रम में एक किशोरी के साथ बलात्कार का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 29 अगस्त, 2024 को, गुजरात उच्च न्यायालय ने निलंबन की मांग करने वाले बाबा की याचिका को खारिज कर दिया और कोई मामला नहीं पाया। आसाराम और चार अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 6 नवंबर, 2013 को पोस्को (यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम) अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

किशोरी ने अपनी शिकायत में कहा था कि आसाराम ने उसे जोधपुर के पास मनई इलाके में अपने आश्रम में बुलाया था और 15 अगस्त 2013 की रात को उसके साथ बलात्कार किया था। उत्तर प्रदेश के शहाजानपुर की रहने वाली किशोरी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में आसाराम के आश्रम में पढ़ रही थी।

# कैमरे वाला चश्मा पहनकर राम मंदिर में आया युवक

## चुपके से लेने लगा फोटो, तुरंत ही हिरासत में लिया गया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार




अयोध्या, अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में एक व्यक्ति को कैमरे से सुसज्जित धूप का चश्मा ले जाने और तस्वीरें क्लिक करने के लिए पकड़ा गया था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सुरक्षा कारणों से मंदिर में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था। उन्होंने बताया कि गुजरात के वडोदरा के जानी जयकुमार के रूप में पहचाने जाने वाला यह व्यक्ति राम जन्मभूमि पथ पर कई चौकियों से गुजरने में कामयाब रहा और सोमवार को मंदिर परिसर के सिंहद्वार के पास पहुंच गया।

उन्होंने बताया कि उन्हें कैमरे से सुसज्जित चश्मे के साथ तस्वीरें लेते हुए देखा गया था, जब कैमरे की रोशनी चमकी तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों का ध्यान आकर्षित किया। एसपी (सुरक्षा) बलरामाचारी दुबे ने कहा, संदिग्ध उपकरण पाए जाने के बाद युवक को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। दोनों तरफ कैमरे और तस्वीरें खींचने के लिए एक बटन से लैस चश्मे की कीमत लगभग 50,000 रुपये है।

दुबे ने आगे कहा कि उस व्यक्ति को हिरासत में लेने वाले एसएसएफ जवान अनुराग बाजपेयी को उसकी सतर्कता के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा पर्यवेक्षक की त्वरित कार्रवाई ने सुनिश्चित किया कि आगे कोई सुरक्षा उल्लंघन न हो। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिया गया युवक कथित तौर पर एक व्यापारी है और उससे अधिकारियों द्वारा पूछताछ की जा रही है।

# 200 यूनिट फ्री बिजली और बुजुर्गों को 1500 रुपये पेंशन : तेजस्वी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कैमूर में अपनी कार्यकर्ता संवाद यात्रा के तहत 2025 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने पर उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हम हर घर को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देंगे। हम वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करेंगे। हमने 5 लाख लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह मेरा वादा है, जो राजद के सत्ता में आने पर पूरा किया जाएगा। तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए उन्हें एक ऐसा नेता बताया जो थका हुआ है और उनका दिमाग ठीक नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार थक चुके हैं और रिटायर्ड अफसरों के सहारे सरकार चला रहे हैं। कोई भी निर्णय लेने लायक नीतीश कुमार अब नहीं रहे हैं। पूरी तरीके से हाईजैक हो रखे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस ने अपराधियों के आगे घुटने टेक दिए हैं। आज भी 156 अपराधों की सूची मैंने जारी की है। तेजस्वी ने साफ तौर पर कहा कि अब नीतीश कुमार जी की साख नहीं रही है। प्रशांत किशोर को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि एक कहानी लिखी गई है जिसमें एक निर्देशक, निमार्ता, फाइनेंसर, अभिनेता, वैनिटी वैन है, कौन ये करा रहे हैं किस वजह से करा रहे हैं ये हम जानते हैं।

किसी को छात्रों से लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरी तरीके से एक फिल्म दिखाई जा रही है, एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही है। जिससे हम अवगत हैं। ये भाजपा की बी टीम है।

# करोड़ों की लागत से बंथरा में बनकर तैयार हुआ कल्याण मंडप, डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया जनता को समर्पित

## डॉ. राजेश्वर ने किया बंथरा में सामुदायिक केंद्र और भौकापुर में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को नगर पंचायत बंथरा के पं. दीन दयाल उपाध्याय वार्ड में नव निर्मित 'कल्याण मंडप' सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण किया। इस सामुदायिक केंद्र का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 3.25 करोड़ की लागत से कराया गया है। इस दौरान बंथरा की चेयरमैन रामावती भी विधायक के साथ रहीं। लोकार्पण के उपरान्त विधायक ने कम्बल वितरण अभियान की शुरूआत की जिसके अंतर्गत 1500 जरुरतमंदों को कम्बल प्रदान किए गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने बताया आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। विश्व के हर देश आज भारत के नेतृत्व शक्ति की प्रशंसा कर रहे हैंइस अवसर पर डॉ. सिंह ने बंथरा के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. सिंह ने बताया प्रयासों से बंथरा को आकांक्षी नगर योजना में सम्मिलित करवाकर त्वरित विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति दिलाई गयी। बंथरा में सड़क, नाली तथा सी. सी. रोड के निर्माण हेतु 4 करोड़ की स्वीकृति एवं मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत मार्गों के निर्माण हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति दिलाई गयी है।

सरोजनीनगर में कराये का रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि पिछले साढ़े तीन साल में 650 से अधिक सड़कों के निर्माण / सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया। मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए अबतक सरोजनीनगर में 15 करोड़ से अधिक की सहायता राशि दिलाई गयी है।

कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत रावत, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, राजेश सिंह चौहान, राजकुमार सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख सुनील कुमार, अरुण कुमार गुप्ता बाबा, शिव कुमार सिंह 'चच्चू', पार्षद लवकुश रावत, राजकुमार वर्मा, प्रदीप कुमार रावत, पिंटू रावत, सभासद आशीष गौतम, हुकुम सिंह, सौरभ गुप्ता एवं अतुल शुक्ला, राम अवतार, ज्ञानेंद्र सिंह चौहान 'पप्पन', महेंद्र रावत, रामावती तथा महिला शक्ति उत्थान ट्रस्ट की सदस्य सन्ध्या रावत, विनीता , सज्जावती, प्रीति वर्मा, सबीना, बीना श्रीवास्तव, राजनंदिनी, राजकुमारी, निर्मला गौतम, विमला, गुड्डन रावत, सुशीला व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## भौकापुर में किया बहुउद्देशीय अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भौकापुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्मित बहुउद्देशीय अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली का अवलोकन भी किया। विधायक ने स्वयं अपने सामने राशन कार्ड धारक को राशन दिलवाकर योजना की पारदर्शिता का अवलोकन किया। अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य हॉल, प्रतीक्षालय और जनसेवा केंद्र जैसी सुविधाओं के साथ उचित दर की दुकानों के संचालन के लिए खाद्यान्न भण्डारण एवं वितरण के लिए सार्वजानिक भवन प्रदान करना है।

इस अवसर पर विधायक ने ग्राम प्रधान के अनुरोध पर हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 50 हजार देने का आश्वासन, बारात घर के निर्माण के लिए विधायक निधि से 5 लाख और शासन से 5 लाख दिलाने का आश्वासन दिया, ब्लाक प्रमुख के सहयोग से सड़कों के निर्माण का आश्वासन, भौकापुर के 2 मजरों में 10 स्ट्रीट लाइट और श्मशान घाट के निर्माण हेतु प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही डॉ. सिंह ने गाँव के प्राइमरी स्कूल में झूले लगवाने का आश्वस्त देते हुए बताया कि, सरोजनी नगर ब्लाक में 193 प्राइमरी स्कूल हैं, जिनमें 18 हजार बच्चे पढ़ते हैं, अब तक 65 स्कूलों में झूले लगवाए गए शेष में भी लगवाए जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भटगांव निवासी युवा खिलाडी समीर रावत को सम्मानित कर हर संसाधन उपलब्ध कारने के लिए आश्वस्त किया।

कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज है। उत्तर प्रदेश की बेटियां पढ़ाई करके नित नयी ऊँचाइयों को छू रही हैं। युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं। प्रदेश में बिना किसी भेदभाव, योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। पिछले 7साल में 7 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में नौकरियां मिलीं। युवाओं को उद्यम के लिए प्रेरित किया जा रहा है, उन्हें सस्ती दरों पर लोन भी मिल रहा है।

विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। सरोजनीनगर के सभी ग्रामीणों की पेंशन, आवास की सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री सभी जरुरतमंदों को फ्री बिजली, फ्री पेयजल, फ्री राशन दिलाने के लिए संकल्पित हैं। लगातार सिलाई केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं 1500 से ज्यादा सिलाई मशीन उपलब्ध करवाकर 140 से अधिक सिलाई केन्द्रों की शुरूआत की गयी, प्रतिदिन 4000 जरुरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए तारा शक्ति निःशुल्क रसोई संचालित है। इस दौरान राजेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, प्रधान अर्जुन प्रसाद राजपूत, जितेंद्र सिंह, चंद्रर सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, गंगा राम भारती, आशू शुक्ला, सुभाष पासी, पीनू प्रधान, लवकुश रावत, पवन सिंह, सोनू माली, विनय दीक्षित, रामावती, बूथ अध्यक्ष राजदेव, संजीव मिश्रा, भगवती प्रसाद, रामाशंकर त्रिपाठी, के.एन. सिंह, अखिलेश सिंह, अनिकेत सिंह चौहान, मधु चौरसिया व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गौवंश घायल

## कई घंटों तक हाईवे पर पड़ा रहा गौवंश, गौ सेवा के लिए आगे आये : प्रधान

**अमन लेखनी समाचार**



गौवंश का इलाज कराते हुए ग्राम प्रधान

लखनऊ। बीती रात अज्ञात वाहन ने हाईवे पर जा रही गाय को टक्कर मार दी। जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। निर्दयता का आलम यह रहा कि कई घंटों के बाद भी हाइवे पर पड़ी गाय का हाल जानने व देखने वाला कोई नहीं था।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगह जगह गौवंशो के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया ,पूरी देखरेख के लिए अधिकारियों को लगातार निर्देशित करते रहते हैं। लेकिन मंगलवार सुबह निर्दयता का आलम यह देखने को मिला जब

रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम गढ़ी जिंदौर के कुंवर आसिफ अली इंटर कॉलेज के पास एक बेजुबान गाय को लखनऊ हरदोई राजमार्ग पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे हाईवे पर ही गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। हाईवे से ना जाने कितने वाहन गुजरे, कोई साइड होकर निकल गया, किसी को देखने तक का ख्याल न आया। जिम्मेदारों को भी ख्याल ना आया की एक बेजुबान जानवर को हाईवे से हटाकर किनारे लाया जाए। जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गाय सोमवार देर रात हाइवे से गुजर रही थी किसी अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी दी ।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। काफी देर तक हाईवे पर पड़े गौवंश के इलाज के लिए आगे आए गौ सेवक गढ़ी जिंदौर प्रधान सतीश गोस्वामी, उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए तुरंत पशु चिकित्सक टीम बुलाकर उसका इलाज कराया। साथ ही इस भीषण ठंड में उसे स्वेटर पहनवाकर चारा पानी और अलाव का इंतजाम कराया। उन्होंने कहा कि च्हदू धर्म में गाय को गौ माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए हमें गाय माता की सेवा के लिए दिल खोलकर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौसवा से पुण्य की प्राप्ति होती है। गौ सेवा लिए क्षेत्र के लोगों ने उनकी जमकर प्रशंसा की।

# तैयारियों पर पानी फेर गया बाघ, वन विभाग करता रहा इंतजार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मंगलवार को रहमान खेड़ा जंगल और आसपास के क्षेत्र में बाघ के नए पगचिह्न पाए गए। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से बाघ की लोकेशन जोन एक में ही है।सोमवार को तड़के सुबह बाघ के द्वारा शिकार किये गए पड़वे के बचे अवशेष को मचान के पास रखकर तीनो विशेषज्ञ डॉक्टर सहित वन विभाग की टीम निगरानी करती रही, लेकिन बाघ शिकार के पास न आकर इधर-उधर घूमते हुए निकल गया। जोन में बाघ की उपस्थिति के कारण मादा हथिनियों से कॉम्बिंग भी नहीं कराई गई, जिससे बाघ जोन एक में ही बना रहे। डीएफओ डा. सितांशु पाण्डेय ने बताया कि जोन दो और तीन में हथिनियों से कॉम्बिंग कराने के बाद से बाघ के पगचिन्ह इन जोन में नही पाए गए थे। वहीं सोमवार को पड़वे का शिकार कर लेने से बाघ की उपस्थिति जोन एक मे पायी गयी। इसके बाद मादा हाथियों से जोन एक में कॉम्बिंग नही कराई गई। जंगल के अन्य स्थानों पर वन विभाग के द्वारा कॉम्बिंग की जा रही है, जिससे बाघ के संभावित आवासों की पहचान की जा सके। जंगल से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ के पगचिन्ह नहीं पाए गए है।

### गांव के पास पिंजरे सहित दो कैमरे लगाए गए

डीएफओ ने बताया कि मीठे नगर में सबसे ज्यादा पगचिन्ह पाए जाने वाले स्थान को चिन्हित कर एक पिंजरा लगाया गया है और पिंजरे के पास ही दो कैमरे लगाकर निगरानी की जा रही है।

### पगचिह्न न मिलने से आसपास के ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

पिछले तीन दिनों से बाघ की गतिविधियां जंगल से बाहर के गांव में न पाए जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हालांकि बाघ की दहशत से सबसे ज्यादा प्रभावित गांव उलरापुर मीठे नगर और दुगौली है।

# जिलाधिकारी ने आरटीओ ऑफिस में मारा छापा, दलालों में मची अफरा तफरी

**संदिग्ध लोगों से गहनता से पूछताछ करने के बाद करीब आधा दर्जन लोग पुलिस की हिरासत में**

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ ऑफिस में छापा मारा। उनके साथ जॉइंट कमिश्नर अमित वर्मा और डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल भी मौजूद थे। जिलाधिकारी जैसे ही आरटीओ ऑफिस पहुंचे तो वहां अफरा तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। आरटीओ ऑफिस में दलालों की सक्रियता की सूचना पाकर डीएम यहां अचानक छापा मारने पहुंचे थे। उन्होंने यहां पहुंचकर आरटीओ ऑफिस के सभी गेट बंद करा दिए और अंदर मौजूद सभी लोगों से पूछताछ करने के साथ ही उनके कागज चेक किए। इस दौरान कुछ लोग संदिग्ध लगे तो उनसे गहनता से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान करीब आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। आरटीओ परिसर और उसके आसपास दलालों की जगह-जगह गाड़ी खड़ी देखकर डीएम भड़क गए। उन्होंने आरटीओ संजय तिवारी से 3 दिन के भीतर सीसीटीवी फुटेज कंप्यूटर पर चेक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उसमें देखें कि कौन सा ऐसा व्यक्ति है जो रोज आरटीओ कार्यालय आ रहा है। उसकी पहचान कराकर गिरफ्तार किया जाए। वहीं करीब घंटे भर गेट बंद रहने से जो लोग अपना काम करा कर फ्री हो चुके थे, वह भी बाहर नहीं निकल सके। डीएम ने एआरटीओ प्रदीप कुमार के कमरे का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एलईडी स्क्रीन पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें नजर आए संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि तभी दलाली पर अंकुश लग सकेगा। इस पर लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए। बताते हैं कि जिलाधिकारी को सूचना मिली थी कि आरटीओ ऑफिस के बाहर दलालों का जमावड़ा रहता है। वह आरटीओ ऑफिस में काम करने आए लोगों को बरगलाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के साथ ही अन्य कार्य कराने वाले लोगों से कई गुना दाम लेकर उनसे ठगी करते हैं।

# पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने मंगलवार को सरोजनीनगर प्रथम वार्ड में एक सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने यह शिलान्यास पूजा पाठ कराने के साथ समाजसेवी रहे स्व. उदित नारायण यादव के भाई ललित नारायण यादव से नारियल तुड़वाकर किया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि हिंदू खेड़ा, अमौसी में शुभम गेस्ट हाउस से स्व. उदित नारायण यादव की समाधि स्थल तक करीब डेढ़ सौ मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण पार्षद निधि के 9 लाख रुपये से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के सहयोग से होने जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भाजपा के बूथ अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जय राम यादव, विनोद यादव, पिंटू सिंह, भीम सिंह, मनोज यादव, राहुल रावत, नितिन, विवेक यादव, सुधीर यादव, प्रमोद यादव, सुजीत यादव, सुनील शुक्ला और सतपाल यादव सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाकियू ने प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज।लखनऊ के कैसरबाग में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं ने मगंलवार को किसानो से जुड़ी दर्जन भर से अधिक समस्याओ को लेकर कई घंटे तक प्रदर्शन करते हुये महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन मौके पर पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह को सौंपा।भाकियू जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा ने बताया महामहिम राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में किसानो कि सभी फसलो के लिये कानूनी रुप से गारंटीकृत खरीद के साथ सी2$50प्रतिशत पर एमएसपी सुनिश्चित किये जाने व गन्ने के मूल्य यूपी समेत अन्य प्रदेशो में खर्च के अनुपात में 500रुपये प्रति कुंतल घोषित किए जाये ओर भुगतान को डिजिटल माध्यम से जोड़ने व किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के द्वारा 43दिन से किये जा रहे आमरण अनशन को देखते हुये तत्काल केन्द्र सरकार किसानो की सभी मांगे पूरी करे। ऋणग्रस्ता किसानो के द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओ को रोकने के लिये व्यापक ऋण माफी की जाये। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइप लाइन(एनएमपी) को खत्म किये जाने व सार्वजनिक सेवाओ स्वास्थ,शिक्षा,बिजली का निजीकरण ना किया जाये।कोई प्रीपेट स्मार्ट मीटर ना हो कृषि पंपो के लिये मुफ्त बिजली हो,घरेलू उपयोगकर्ताओ और दुकानो को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाये।भूमि अधिग्रहण को समाप्त करने के साथ ही एलएआरआर अधिनियम 2013 और एफआरए लागू किया जाये।सार्वजनिक संपत्ति के निगमीकरण और लोगो को विभाजित करने के लिये विभाजनकारी नीतियों के उद्देश्य से कार्पोरेट साम्प्रदायिक नीतियो कि खत्म किया जाने समेत न्यू नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट पालिंसी को तत्काल रद्द करने के साथ ही किसान सगंठनो के साथ केन्द्र सरकार चर्चा कर एक प्रभावी नीति तैयार करन की मांग की गयी है।प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह,मध्याचंल अध्यक्ष उत्कर्ष तिवारी,प्रदेश संगठनमंत्री आशु चौधरी,जिला महासचिव आशीष यादव, जिलामहामंत्री अजय कुमार तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला मौर्या समेत सभी पदाधिकारी व सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# शिक्षक ने दो स्वर्ण पदक जीत कर बढ़ाया मान

**अमन लेखनी समाचार**



बंथरा। वाराणसी में आयोजित 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय हाई स्कूल कुरौनी के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने दो स्वर्ण पदक जीत कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

जानकारी के मुताबिक 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल के मंडलीय क्रीड़ा सचिव और अनिल कुमार वर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही, हैमर थ्रो में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतकर लखनऊ मंडल का नाम रोशन किया है। बता दें कि, 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 दिनांक 4 जनवरी से 5 जनवरी तक वाराणसी में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में अनिल कुमार वर्मा जो कि प्रधानाचार्य के साथ ही मंडलीय क्रीड़ा सचिव, लखनऊ मंडल का कार्यभार भी देख रहे हैं ने ऊंची कूद एवं हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं।

# पेराई मशीन के पट्टे में फंसकर मजदूर घायल, लखनऊ रेफर

**अमन लेखनी समाचार**



इलाज के दौरान अस्पताल में लेटा मजदूर

लखनऊ। एक कारखाने में कोल्हू से सरसों तेल की पेराई कर रहा मजदूर अचानक कोल्हू मशीन/पेराई चक्की के पट्टे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंम्भीर हालत में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद के बाकी नगर निवासी बृजलाल (56) गुड्डू गुप्ता के वहां रहीमाबाद में लगे कारखाने में मजदूरी करता है। मंगलवार को वह कारखाने में सरसों की पेराई कर रहा था। तभी अचानक उसका हाथ पेराई चक्की/कोल्हू मशीन के पट्टे में फंस गया। और शोर मचाने पर आस-पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और कोल्हू मशीन को बंद कर उसके बाद किसी तरह मजदूर को पट्टे से अलग किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहां मौजूद अन्य लोगों ने आनन-फानन उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# बैखोफ चोरो ने कम्पनी कमांडर के घर धावा बोलकर जेवरात व नगदी उड़ाये

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। अकबरपुर बेनीगंज गांव में बीते सोमवार की देर रात बैखोफ चोरो ने होमगार्ड कम्पनी कंमाडर के घर में धावा बोलकर 25हजार रुपए की नगदी व जेवरात चुरा ले गये। मगंलवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो आगंन व कमरे में सामान बिखरा देखकर उन्हे चोरी का पता चला।जिसके बाद पीड़ित कम्पनी कंमाडर ने पुलिस को सूचना दी।एसीपी व थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस अज्ञात चोरो पर मुकदमा? दर्ज कर तलाश में जुट गयी हैं। निगोहां के बेनीगंज अकबरपुर निवासी होमगार्ड कम्पनी कमांडर राम प्रमोद यादव ने बताया बीते सोमवार की रात खाना खाने के बाद परिवार समेत अपने अपने कमरो में सो गये.देर रात बैखोफ चोरो ने बाहरी दीवाल से छत पर चढकर घर के अंदर जाने वाली सीढियो की दीवार में लगी खिड़की की सरिया काटने के बाद जीने के रास्ते घर में दाखिल होकर कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखी 25हजार की नगदी समेत चार लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चुराकर भाग निकले।मगंलवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो आगंन व कमरे में सामान बिखरा देखकर चोरी का पता चला।जिसके बाद पीड़ित कम्पनी कमांडर ने पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दी।एसीपी रजनीश वर्मा व थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया चोरी की घटना के खुलासे के लिये सर्विलांस समेत पुलिस की कई टीमो को लगाया गया है।

# तहसील परिसर में जारी लेखपालों का धरना एसडीएम के आश्वासन के बाद हुआ स्थगित

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील के लेखपाल बिन्देश कुमार रावत के मामले को लेकर बीते कई दिनों से तहसील परिसर में जारी लेखपालों का धरना सरोजनीनगर एसडीएम के आश्वासन के बाद मंगलवार को स्थगित हो गया। मालूम हो कि बीते 31 दिसंबर को सरोजनीनगर तहसील के लेखपाल बिंदेश कुमार रावत को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा था। टीम ने लेखपाल बिन्देश पर जमीन की पैमाइश के एवज में एक किसान से 10 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा कर गिरफ्तार किया था। इस मामले को लेकर बीते गुरुवार से उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा सरोजनीनगर के लेखपाल तहसील में धरना दे रहे थे। लेखपालों का आरोप था कि एंटी करप्शन टीम के कर्मचारी का रिश्तेदार गहरू गांव में प्लाटिंग कर रहा है और उसने सरकारी जमीन कब्जा ली है। उसके खिलाफ लेखपाल बिंदेश ने रिपोर्ट लगाई तो उसी ने अपने रिश्तेदार से मिलकर लेखपाल बिदेश को एंटी करप्शन टीम से रिश्वत लेने की फर्जी कहानी रचकर गिरफ्तार करा दिया। धरना दे रहे लेखपाल लगातार इस मामले की जांच के अलावा उक्त प्रॉपर्टी डीलर द्वारा की जा रही प्लाटिंग की जमीन की भी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मंगलवार को भी उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार बाथम के नेतृत्व में सभी लेखपाल सरोजनीनगर तहसील परिसर में धरने पर बैठे थे। काफी देर तक चले धरने के बाद वहां पहुंचे सरोजनीनगर एसडीएम ने उन्हें बताया कि जिलाधिकारी द्वारा मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि लेखपाल बिन्देश मामले को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन और अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति द्वारा फर्जी ट्रैपिंग एवं शासकीय भूमियों पर अवैध प्लाटिंग की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी गई है। साथ ही एसडीएम ने कहा कि उन्होंने खुद गहरू में सरकारी जमीन के चिन्हांकन और उनको अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित कर दी है। यह जानकारी होने के बाद धरना दे रहे लेखपालों ने फिलहाल अपना धरना स्थगित कर दिया।

## संक्षेप

### कूट रचित व फर्जी बैनामा कराने पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। जाति छुपा कर फर्जी बैनामा किए जाने पर न्यायालय के आदेश पर क्रेता विक्रेता सहित गवाहों पर धोखाधड़ी सहित अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हो गया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरदहा स्थित भूमि नंबर 1065' 1066 ग सहखातेदार प्रतिमा देवी पत्नी ओमप्रकाश उर्फ बुद्धी निवासी राजापुर पिपरहा का नाम खतौनी में दर्ज था बैनामा कर्ता व विक्रेता गवाह साठ गांठ कर उपनिवंधक कार्यालय में बैनामे में विक्रेता फर्जी जाति दर्शाकर अनुसूचित जाति से बिना परमीशन पिछड़ी जाति को बैनामा कर दिया जबकि विक्रेता की सही जाति चमार बिरादरी है ग्राम बरदहा निवासिनी निशा पत्नी महेश राय ने न्यायालय में जाति छुपा कर बैनामा करने का मुकदमा दायर कर दिया न्यायालय ने दस्तावेज के आधार पर अनीता देवी पत्नी पूरन ' पूरन पुत्र जिया लाल निवासी बरदहा प्रमिला पत्नी ओमप्रकाश उर्फ बुद्धी राजेंद्र कुमार पुत्र अनंत देव निवासी राजापुर पिपराहा देवी प्रसाद पुत्र रामदुलारे निवासी प्रभा खेड़ा के खिलाफ कूट रचित व फर्जी तरीके से बैनामा किए जाने का दोषी पाया न्यायालय के आदेश के पर धोखाधड़ी सहित अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हो गया

### गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के पाण्डेयपुर की गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने नाराजगी जताई है। यूनियन के पदाधिकारी राधेश्याम, श्यामलाल और विद्यासागर ने बीघापुर के एसडीएम को इस मामले में लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में गौशाला की दयनीय स्थिति और गोवंशों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर चिंता व्यक्त की गई है। शिकायतकताओं का आरोप है कि पाण्डेयपुर की गौशाला में गौवंशों के लिए न तो पर्याप्त भोजन की व्यवस्था है, न पानी की। ठंड के इस मौसम में भी गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं। स्थिति इतनी खराब है कि गोवंश खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर हैं।शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिंदा गोवंशों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। गोवंशों को पर्याप्त देखरेख और चिकित्सा सुविधा भी नहीं मिल रही है। आरोप है कि गौशाला के प्रबंधन की लापरवाही के कारण कई गोवंशों की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है।भारतीय किसान यूनियन ने इस मामले को लेकर एसडीएम बीघापुर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने गौशाला की स्थिति सुधारने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गौशाला में रहने वाले गोवंशों की दुर्दशा को देखकर किसानों और आम नागरिकों में आक्रोश है।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए एमडीए राउंड में फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन जरूर करें : डा.मनीष वाजपेई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को ब्लाक अचलगंज स्थित ग्राम बदरका में मेला आयोजित हुआे इस मेले में सीएचसी अचलगंज द्वारा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के सहयोग से स्टाल लगाकर फाइलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया` यह स्टाल सीएचसी अधीक्षक डा.मनीष वाजपेई व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में लगाया गया सीएचसी अधीक्षक मनीष वाजपेई ने बताया कि यह लाइलाज बीमारी है और मच्छर के काटने से होती है यह बीमारी ठीक नहीं होती है बल्कि व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है इस बीमारी से बचने का उपाय है मच्छरों के काटने से बचना और साल में एक बार सर्वजन दवा अभियान (एमडीए) के तहत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना `जनपद में 10 फरवरी से एमडीए अभियान चलेगा जिसमे आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया बचाव की दवा खिलाएंगी `सभी लोग इसका सेवन जरूर करें लगातार पांच साल तक साल में एक बार की फाइलेरिया बचाव की दवा खाने से इस बीमारी से बचा जा सकता है इसको लेकर ब्लाक पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफोर्म (पीएसपी) बनाया गया है जिसमें ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, कोटेदार तथा फाइलेरिया मरीज सदस्य हैं जो कि फाइलेरिया को लेकर जागरूकता फैला रहे हैं और लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं शैलेन्द्र मिश्रा द्वारा बताया गया कि कुछ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खाने के बाद जी मिचलाना, उल्टी आना, दस्त, बुखार, जैसी समस्या होती है इसका अर्थ है कि आपके अंदर माइक्रो फाइलेरिया मौजूद है, इसमें घबराने की बात नहीं है यह लक्षण अपने आप दो-तीन घंटे में सही हो जाते हैं यदि फिर भी किसी को कोई समस्या लगे तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर दिखा सकते हैं `स्टाल पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफोर्म (पीएसपी) सदस्य तथा फाइलेरिया रोगी बीरेंद्र यादव ने स्टाल पर आ रहे लोगों को बताया कि वह इस बीमारी से पीड़ित हैं उनके लिए स्वस्थ और सामान्य जीवन जीवन जीना मुश्किल है वह नहीं चाहते कि कोई और अन्य इस बीमारी का सामना करें इसलिए वह लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए कह रहे हैं

इस अवसर पर मलेरिया निरीक्षक सुचिता अग्निहोत्री, तारिक मसूद खान, अमित वर्मा, एएनएम-सुताशु, फाइलेरिया रोगी वीरेंद्र यादव, आशा संगिनी लक्ष्मी दीक्षित, आशा निशा अवस्थी, आराधना, और अर्चना यादव और सीफॉर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सौ मीटर दौड़ में अलिया एवं वालीबॉल फखरपुर की टीम रही विजयी



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का आयोजन मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत बालार्क महाविद्यालय अराई कला विकासखंड फखरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन बालक एवं बालिका समूह के जूनियर सब जूनियर एवं सीनियर आदि वर्गों में किया गया। इस प्रतियोगिता के परिणाम मे आलिया 100 मीटर प्रथम एवं लांग जम्प इस्लाम प्रथम रहे। वालीबॉल जूनियर वर्ग मे फखरपुर तथा सीनियर वर्ग मे वजीरगंज। साथ ही लंबी कूद में इस्लाम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण खंड विकास अधिकारी फखरपुर द्वारा किया गया। खंड विकास अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की खेल बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आलोक सिंह सीताराम पांडे, मनोज पांडे, जितेंद्र सिंह, देवनारायण पांडे, राहुल वर्मा विलाल अंसारी आदि मौजूद रहे।

# हाड़ कपाऊ सर्दी में लोग ले रहे अलाव का सहारा



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। इन दिनों पड़ रही हाड़ कपाऊ सर्दी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जाड़े से बचने के लिए लोग निजी संसाधनों से अलाव जलाकर सर्दी से अपना बचाव कर रहे हैं। मंगलवार को चली बफीर्ली हवा ने लोगों को हिला कर रख दिया है। भोर सुबह से चल रही हवा तथा गलन भरी सर्दी से शरीर पर पहने कपड़े भी निजात नहीं दिला पा रहे थे। लोगों की दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है। क्षेत्र के गाँवो की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। इस संबंध में किसी की जिम्मेदारी तय न होने के कारण ग्रामीण निजी संसाधनों से और जंगलों से लकड़ियाँ बीनकर सर्दी से छुटकारा पाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन के जिम्मेदार भी गाँव के लोगों को अपने हाल पर छोड़े हैं।

# कड़ाके दार ठंड के चलते घरों में दुबके लोग, सड़को पर पसरा सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ठंड का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जन जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ठंड के साथ घने कोहरे ने जिले को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे सड़क और रेल यातायात पर व्यापक असर पड़ा है।कोहरे की वजह से सड़कों पर विजिबिलिटी मात्र 10 मीटर तक सिमट गई है। लखनऊ-कानपुर हाईवे और आगरा एक्सप्रेस वे जैसे व्यस्त मगर्गों पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। वाहन चालकों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि धुंध के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे फॉग लाइट का उपयोग करें और धीमी गति से वाहन चलाएं।ठंड और कोहरे का असर रेल सेवाओं पर भी पड़ा है। कई ट्रेने घंटों की देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म पर ठंड से ठिठुरते यात्री रजाइयों और गर्म कपड़ों में दुबके नजर आ रहे हैं।उन्नाव में न्यूनतम तापमान 8त्ब और अधिकतम 19त्ब दर्ज किया गया है। जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है, बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग तेजी से बढ़ी है। लोग ऊनी कपड़े, स्वेटर, मफलर और जैकेट खरीदने के लिए दुकानों पर उमड़ रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, इस बार ठंड ने पहले ही बिक्री बढ़ा दी है।कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टियां 14 जनवरी तक दी हैं। खुले में सोने वाले गरीब और बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ठंड से बचने के उपाय अपनाएं और जरूरतमंदों की मदद करें।ठंड का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ रहा है। अस्पतालों में सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे गर्म कपड़े पहने, बाहर निकलते समय सावधानी बरतें और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें।

# सीएम संबोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री के नाम से एक ज्ञापन जनपद में सिंचाई एवं विकास हेतु आवंटित धन के दुरूपयोग की जांच कराने हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उन्नाव को सौंपा।भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा व मंडल महासचिव बृजेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दर्जनों किसान जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुँचे जहा उन्होंने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए आरोप लगाया कि अधिशाषी अभियन्ता उन्नाव खण्ड शारदा नहर उन्नाव द्वारा जनपद की सिंचाई एवं विकास हेतु आवंटित शासकीय धन के दुरूपयोग एवं वित्तीय अनिमितताओं की जा रही है।वित्तीय वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 एवं 2024-25 में नहरों पर पुल, पुलिया की मरम्मत एवं नये निर्माण हेतु जारी धनराशि को काम करने वाली फर्मों को भुगतान न करके अपने चहेतों को लागत से अधिक के इस्टीमेंट बनाकर किया गया और शासन के विरूद्ध अनियमित देनदारियां बनायी गयी। जबकि कुछ पुल, पुलियों का नवनिर्माण हुआ ही नही जिसकी गहन जांचकर अति आवश्यक है।सहायक अभियन्ता चतुर्थ द्वारा केवल मार्च 2024 में ही सिल सफाई का फर्जी काम दिखाकर अपने करीबी लोगों के नाम बिना निविदा प्रक्रिया का पालन किये ही लगभग ढ़ाई करोड रू० का भुगतान करा लिया गया जबकि क्षेत्र की नहरों की सफाई हुई ही नहीं कूटरचित फोटोग्राफ खींचकर उच्चाधिकारियों को भ्रमित किया गया जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों के उक्त अधिकारियों की कार्य शैली के कारण अत्यन्त रोष व्याप्त है। अन्य विभिन्न मुद्दों के लेकर किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री सहित प्रमुख सचिव सिंचाई, जिलाधिकारी उन्नाव व डिवीजनल अकाउंट अधिकारी शारदा नहर उन्नाव को पत्र भेज कर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर पवन शुक्ला, शंभू सिंह, शुभम पटेल, कार्तिकेय दीक्षित, निर्भय सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, गुड़िया देवी, कमल चौधरी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# दबंगो ने युवक के साथ की मारपीट पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड झंडा चौराहा निवासी एक युवक के साथ दबंगों ने मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।घटना बीती रात की है, जब झंडा चौराहा निवासी मोहित शर्मा अपने घर लौट रहा था। रात करीब 9 बजे रास्ते में कुछ दबंगों ने उसे रोका और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। मोहित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दबंगों ने जबरन उसे अपनी बाइक पर बैठाने की कोशिश की। विरोध करने पर उन्होंने उसे सरेआम सड़क पर घसीटा और मारपीट की।इसके बाद आरोपी उसे मंशा खेड़ा इलाके में ले गए, जहां उन्होंने उसे बुरी तरह पीटा।मोहित किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रहा। वह सीधे गंगाघाट थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी।इस दौरान पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे देखकर लोगों में आक्रोश है।मोहित ने अपनी तहरीर में बताया कि आरोपी क्षेत्र के दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं, जिनसे पहले भी उसे धमकियां मिल चुकी थीं। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार डरे हुए हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।इस मामले पर गंगाघाट थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# सीएचसी मे एएनएम व आशाओं को दिया गया प्रशिक्षण



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चल ने वाले सव दिवसीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज में अधीक्षक डॉ नितिन श्रीवास्तव व वरिष्ठ उपचार प्रवेक्षक राम प्रकाश यादव की अध्यक्षता मे दिया गया जो 1 जनवरी से 100 दिवसीय संघन टी बी अभियान निरन्तर चलेगा।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ₹ टीबी मुक्त भारत₹ की पहल में सभी साथ जुड़कर टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने की शपथ ली गयी। ब्लाक मियागंज की 169 आशाएं 21एएनएम 12 कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर एवं स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ इस अभियान के अंतर्गत 60 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों की जांच अल्कोहलिक व्यक्तियों की जांच शुगर से ग्रसित व्यक्तियों की जांच 2 सप्ताह से अधिक खांसी बुखार का आना रात्रि के समय पसीने का आना बलगम करना बलगम के साथ में खून के आना जैसे आदि लक्षणों वाले समस्त समस्त व्यक्तियों की जांच निशुल्क की जाएगी और टीबी की पुष्टि होने पर निशुल्क इलाज किया जाएगा।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत हुई सोमवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की कानपुर हैलेट में उपचार दौरान मौत हो गयी। घर के इकलौते चिराग की मौत की सूचना जैसे ही गाँव पहुँची मातम छा गया। थाना बिहार के गाँव छाछी राइखेड़ा निवासी हर्षित सिंह पुत्र ननकऊ सिंह उम्र लगभग 27 वर्ष सोमवार शाम देवपुर थाना सरेनी में मांगलिक कार्य मे शामिल होकर घर वापस आ रहा था। भगवंतनगर - बक्सर मार्ग के भटखेरवा के समीप रोड पर खड़े डम्फर में उसकी बाइक की टक्कर हो गयी। जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा व हेलमेट न लगाएं सर में गंभीर चोट लग गयी। राहगीरों की मदद से घायल को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने आजाद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद के बदरका गांव में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 119वीं त्रिदिवसीय जयंती समारोह बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी देशभक्ति और बलिदान को याद किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा, ₹चंद्रशेखर आजाद जैसे महापुरुषों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व अर्पण किया। उनकी जीवन गाथा आज भी युवाओं को प्रेरणा देती है।₹ उन्होंने बदरका गांव को गौरवशाली धरती बताया, जहां आजाद जैसे वीर स्वतंत्रता सेनानी ने जन्म लिया।इस अवसर पर उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने भी आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजाद का जीवन राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण की मिसाल है। ₹आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए।₹कार्यक्रम के आयोजक और ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, उन्नाव के विधायक आशुतोष शुक्ला और अन्य स्थानीय नेता भी समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, स्कूल के बच्चे और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।त्रिदिवसीय समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों ने देशभक्ति गीत और नाटकों के माध्यम से आजाद के जीवन और संघर्ष को चित्रित किया। इसके अलावा, विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने आजाद के विचारों और उनके योगदान पर चर्चा की।बदरका गांव के लोगों ने इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव की तरह मनाया। गांव के युवा और बच्चे चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेते नजर आए। आयोजन स्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें आजाद के जीवन से जुड़ी वस्तुएं और उनके योगदान को प्रदर्शित किया गया।इस जयंती समारोह ने न केवल शहीद चंद्रशेखर आजाद की स्मृतियों को जीवंत किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनकी प्रेरणा से जोड़ने का प्रयास किया।

# ख्वाजा गरीब नवाज के 813 वे उर्स के मौके पर शहर में जगह जगह भंडारे का किया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक के पूर्व जिलाध्यक्ष मो० इस्माइल ने कई भंडारों में अपनी सिरकत की।ख्वाजा गरीब नवाज उर्स के अवसर पर शहर के छोटे चौराहा पर सूफि यान, रिजवान ने चाय एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया वही जामा मस्जिद के निकट मो० अहमद ने भी खिचड़ी का वितरण किया। इसी कड़ी में जामा मस्जिद कब्रिस्तान के निकट जुबैर सिद्दीकी ने भी खिचड़ी एवं हलवे का वितरण किया। सभी जगहों पर उर्स के भंडारे में प्रसाद लेने वालों का ताँता लगा रहा सभी लोगो ने ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करी।वितरण करने वालों में मो० याकूब, स्वामी विनोद मिश्रा, आलोक निगम, मनजीत यादव, राज किशोर शुक्ला, आरिफ शानू, मो० इस्तियाक, जिया शाहिद, लाइक गुड्डू, मो० सलीम, राजू, मो० कामरान, परवेज आलम, पंकज यादव सहित तमाम लोग रहे।

# विधानसभा स्तरीय परशुराम सेवा संस्थान कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

## महसी क्षेत्र में परशुराम सेना प्रकोष्ठ कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के ग्राम पंचायत रेहुवा मंसूर में परशुराम सेवा संस्थान का विधान सभा महसी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सोमवार दोपहर में ग्राम पंचायत रेहुवा मंसूर में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी की मौजूदगी में विधानसभा स्तर पर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन विप्र समाज के साथ साथ सभी दीन दुखियों, गरीबों, असहाय, लोगों की हर सम्भव मदद करता है। इस दौरान कुछ नए पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण की। रेहुवा निवासी ललित तिवारी ने परशुराम सेना संगठन में शामिल होकर तन मन धन से सेवा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित चन्द्र भूषण द्विवदी, प्रदेश संगठनममंत्री स्नेह शुक्ला, जिला अध्यक्ष भानू पांडेय, मंडल महामंत्री प्रदीप शुक्ला, जिला प्रभारी दिलीप मिश्रा, जिला संयोजक विस्वरूप मिश्र, जिला सचिव विजय तिवारी, अमित पाण्डेय, नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, कैसरगंज विधानसभा अध्यक्ष पंकज मिश्रा, महसी ब्लाक अध्यक्ष ललित नारायण तिवारी, आशुतोष शुक्ला, मंडल प्रवक्ता रोहित दीक्षित, विधानसभा संरक्षक प्रभु नारायण अवस्थी, इंद्रेश मिश्रा, कमलेश शुक्ला, आयुष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, आनंद सागर मिश्रा सहित जिला, विधानसभा एवं तहसील के पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में बहुसंख्यक समाज मौजूद रहा। वहीं इस कार्यालय से संस्थान को अत्यधिक मजबूती भी मिल सकेगी।

**अमेरिका में इस्लामिक आतंकवादी हमले के साथ नव वर्ष का आगाज हुआ है। यानी कि इस वर्ष भी आतंकवाद वैश्विक चुनौती बना रहेगा। अमेरिकी में ही जनवरी में नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर कमान संभालेंगे। उम्मीद की जा रही है कि अमेरिका प्रथम व संरक्षणवाद के पैरोकार ट्रंप के सत्ता में आने के बाद वैश्विक स्तर पर कई बदलाव देखने को मिलेंगे। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई रफ्तार पकड़ेगी। अमेरिका व रूस के बीच तनाव कम होगा। इससे रूस व यूक्रेन जंग के खत्म होने के आसार रहेंगे। ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को अपने शपथग्रहण समारोह में न्योता भेजा है, जबकि दोस्त पीएम नरेन्द्र मोदी को आमंत्रण नहीं भेजा। इसका साफ संकेत है कि ट्रंप की इस पारी में अमेरिका के चीन से रिश्ते नरम हो सकते हैं। वैश्विक स्थिति भारत के लिए सकारात्मक होगी। भारत के लिए नया वर्ष चुनौतियों से भरे विश्व में अवसर का होगा। अमेरिका व यूरोप से रिश्ते, रूस से ट्रेड, खाड़ी देशों के साथ संबंध, अशांत पश्चिम एशिया में हितों का संवर्धन, चीन से तनाव में कमी, पाक व बांग्लादेश समेत पड़ोसियों से बेहतर रिश्ते, कनाडा भारत के सामने अवसर होंगे। भारत यूएन में सुधार को लेकर मुखर रहेगा। नव वर्ष में ग्लोबल चुनौतियों के बीच भारत के शक्ति केंद्र बनने के अवसर का आकलन करता आजकल का यह अंक...**

# वैश्विक पटल पर 'शक्ति केंद्र' बनेगा भारत



**कूटनीति-2025**

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी का वक्त करीब आ पहुंचा। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में सत्तानशीन होंगे। ट्रंप की ताजपोशी से पहले ही एक जनवरी को अमेरिका के ऑर्लिन्स शहर में स्थानीय वक्त के मुताबिक सुबह तकरीबन 3:15 बजे एक पिकअप नव वर्ष मना रहे लोगों को रौंदते हुए भीड़ में घुस गई। अमेरिकन शहर टैक्सस के अमेरिकन नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार जोकि अमेरिकी सेना में रह चुका है, उसने एक ट्रक से रौंदकर 15 लोगों का नृशंस कत्ल कर दिया और 35 लोगों को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। अमेरिकी पुलिस जांच एजेंसी एफबीआई ने बताया कि जिहादी हत्यारा जब्बार इस्लामिक स्टेट तंजीम से प्रभावित था। जिहादी जब्बार द्वारा भीड़ को रौंदते हुए पिकअप ट्रक के अंदर से भीड़ पर गोलियां भी दागी गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आखिरकार जब्बार मौका-ए-वारदात पर मारा गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति बाइडेन ने फरमाया कि हमलावर यकीनन इस्लामिक स्टेट से अत्यधिक प्रभावित था। नृशंस हमला अंजाम देने से कुछ घंटे पहले ही जेहादी आतंकवादी शम्सुद्दीन जब्बार द्वारा सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो अपलोड किए गए। इन वीडियो से स्पष्ट संकेत मिलता है कि हमलावर आतंकवादी तंजीम आईएस से गहन तौर पर मुत्तासिर था। जिहादी हमलावर शम्सुद्दीन जब्बार ने जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर सूचना तकनीक में डिग्री हासिल की। अभी तक एक जनवरी को अंजाम दिए गए नृशंस जिहादी आक्रमण के जख्म चीख ही रहे थे कि अमेरिकी शहर लास वेगास में डोनाल्ड ट्रंप के होटल के ठीक सामने एक साइबर ट्रक में एक भीषण धमाका अंजाम दिया गया। इस भीषण धमाके में कुछ नागरिकों के बुरी तरह से जख्मी होने की खबर है। वर्ष का आगाज आतंकी घटनाओं से हुआ है।

**करीबन 65 दफा अमेरिका पर जिहादी आतंकवादियों ने अपना निशाना साधा है और सैकड़ों अमेरिकी नागरिकों को हलाक किया है। जिस जिहादी आतंकवाद के भयानक आक्रमणों को अमेरिका झेल रहा है, वस्तुतः उस जिहादी आतंकवाद की परवरिश अमेरिका ने ही की थी। जबकि वर्ष 1990 में अफगानिस्तान में सोवियत सेना का मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद से जेहादी आतंकवाद को परवान चढ़ाया और प्रबल परिपोषण किया। अलकायदा को जन्म देने वाले ओसामा बिन लादेन को अमेरिका ने भरपूर प्रश्रय प्रदान किया। 2025 में वस्तुतः वैश्विक जिहादी आतंकवाद दुनिया के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर उभरेगा।**

## आतंकवाद दुनिया के समक्ष बड़ी चुनौती

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 11 सितंबर प्रातः 9:00 बजे 2001 को अलकायदा के आतंकवादियों द्वारा ओसामा बिन लादेन के नेतृत्व में एक भीषण आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया गया। तब से तकरीबन 65 दफा अमेरिका पर जिहादी आतंकवादियों ने अपना निशाना साधा है और सैकड़ों अमेरिकी नागरिकों को हलाक किया है। जिस जिहादी आतंकवाद के भयानक आक्रमणों को अमेरिका झेल रहा है, वस्तुतः उस जिहादी आतंकवाद की परवरिश अमेरिका ने ही की थी। जबकि वर्ष 1990 में अफगानिस्तान में सोवियत सेना का मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद से जेहादी आतंकवाद को परवान चढ़ाया और प्रबल परिपोषण किया। अलकायदा को जन्म देने वाले ओसामा बिन लादेन को अमेरिका ने भरपूर प्रश्रय प्रदान किया। वर्ष 2025 में वस्तुतः वैश्विक जिहादी आतंकवाद दुनिया के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर उभरेगा। सीरिया में जिहादियों की जबरदस्त फतेह ने और बशर अल असद के तख्तापलट ने वैश्विक जिहादियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। सीरिया में 85 करोड़ के इनामी रहे जिहादी आतंकवादी अबू मोहम्मद जोलानी को अमेरिका ने ठीक उसी तरह अपना संरक्षण प्रदान कर दिया, जिस तरह से अफगानिस्तान में उसने ओसामा बिन लादेन को दिया था। उल्लेखनीय है कि एक दौर में इस्लामिक स्टेट के सरगना अल बगदादी को भी अमेरिकी हुकूमत की इमदाद हासिल हुई थी। अपने तात्कालिक रणनीतिक लाभ के लिए अमेरिका की मुख्तलिफ हुकूमतों ने सदैव से ही इस्लामिक जिहादियों को प्रोत्साहन और परिपोषण प्रदान किया, जिसका नृशंस और भयानक नतीजा सारी दुनिया के साथ ही साथ अमेरिका को भी भुगतना पड़ रहा है।



## नरेंद्र मोदी को आमंत्रण पत्र नहीं भेजा

20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने जा रहे हैं। राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रण पत्र भेजा गया, किंतु अभी तक डोनाल्ड ट्रंप के निकट मित्र निरूपित किए जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई आमंत्रण पत्र नहीं भेजा गया है। अमेरिका सदैव से ही रूस के साथ भारत की गहन मित्रता को लेकर अत्यंत शंकित बना रहता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भारत और रूस की मित्रता और अधिक प्रगाढ़ हो गई है। रूस द्वारा भारत को विश्व बाजार के मुकाबले सस्ते दामों पर तेल बेचा गया है। अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर आयद किए गए आर्थिक प्रतिबंधों को भारत ने कदाचित स्वीकार नहीं किया। भारत ने वैश्विक पटल पर अपने परंपरागत कूटनीतिक संतुलन को बनाए रखा। सबसे बड़ा यही कारण है कि अमेरिका द्वारा भारत की कूटनीतिक उपेक्षा की जा रही है। वर्ष 2020 में खालिस्तानी सरगना गुरपतवंत पन्नू की आतंकवादी घोषित किया गया था। अमेरिका की सरजमीं पर गुरपतवंत की हत्या की कथित कोशिश का इल्जाम निराधार तौर पर अमेरिकी सरकार द्वारा भारत पर आयद किया गया। अमेरिका के एच वन-बी वीजा को लेकर भारत और अमेरिका के मध्य अवरोध रहा है। अब देखना है कि डोनाल्ड ट्रंप इसको लेकर क्या रुख अख्तियार करते हैं? भारत को प्रतीक्षा रहेगी।

## कनाडा और भारत में ताल्लुकात खराब

वर्ष 2023 से लेकर अभी तक कनाडा और भारत के मध्य कूटनीतिक ताल्लुकात बहुत ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के पश्चात कनाडा सरकार द्वारा भारत पर इल्जाम आयद किया गया कि भारत सरकार का हाथ हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में रहा, हालांकि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडे ने संसद में बयान दिया कि कनाडा के पास इस इल्जाम को सिद्ध करने के लिए ठोस सबूत मौजूद नहीं है। वर्ष 2024 में कनाडा और भारत द्वारा राजनयिकों को अपने-अपने देश से निष्कासित कर दिया गया। कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने इल्जाम लगाया कि भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कनाडा के नागरिकों की हत्या करने का हुक्म अपने अधिकारियों को दिया गया। भारत और चीन के मध्य एक वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी विद्यमान है, जो कि भारत और चीन के मध्य कथित सरहद निर्मित करती है। वास्तविक नियंत्रण रेखा 3000 किलोमीटर से अधिक लंबी है। दोनों देशों के मध्य अभी तक सीमांकन बाकायदा अंजाम नहीं दिया जा सका। अनेक सीमावर्ती इलाकों के विषय में दोनों देशों के मध्य मतभेद निरंतर कायम बना रहा है।

## लद्दाख और अरुणाचल क्षेत्र को लेकर विवाद

खास तौर पर लद्दाख और अरुणाचल का क्षेत्र दोनों देशों के मध्य गंभीर विवाद का विषय है। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के मध्य हुई एक सैन्य झड़प में भारत के बीस और चीन के तकरीबन तीस सैनिक हलाक हुए थे। 24 अक्टूबर 2024 को पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता अंजाम दिया गया। समझौते के मुताबिक पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के दो क्षेत्रों देपसांग और डेमचोक में दोनों देशों के सैनिकों की बाकायदा वापसी हो गई है और शीघ्र टकराव के इन बिंदुओं पर सैन्य गश्त शुरू हो जाएगी। 24 अक्टूबर सन् 2024 के समझौते के बाद 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में पांच वर्षों के पश्चात भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के मध्य द्विपक्षीय वार्ता संभव हुई। भारत और चीन संबंधों के विशिष्ट जानकारों का कथन है कि भारत ने चीन से अनेक बार धोखा खाया है, यही कारण है कि दोनों के मध्य परस्पर विश्वास की बेहद कमी है।

## गतिरोध का कारण चीन की विस्तारवादी फितरत

चीन की विस्तारवादी फितरत ही वस्तुतः भारत और चीन के संबंधों के मध्य सबसे बड़ा गतिरोध बनी रही है। वर्ष 2025 में चीन के साथ भारत के रिश्तों में यक़ीनन सकारात्मक सुधार आएगा, क्योंकि चीन इस वक्त अमेरिका के गहन दबाव में है। जब भी चीन वस्तुत अमेरिका के दबाव में घिरा होता है, तभी वह भारत से गंभीर होकर समझौता वार्ता करता है। ऐसे वक्त में चीन कदापि नहीं चाहता कि भारत के साथ उसके संबंध तल्ख और खराब दौर में पहुंच जाएं। विश्व का परिदृश्य निरंतर परिवर्तित हो रहा है और चीन का कड़ा आर्थिक और सैन्य मुकाबला अमेरिका से है। ऐसे विकट दौर में चीन सदैव चाहेगा कि भारत उसके साथ मिलकर कदम से कदम बढ़ाए। तीसरी दफा प्रधानमंत्री का पद संभाल लेने के बाद नरेंद्र मोदी द्वारा सबसे पहले रूस की यात्रा अंजाम दी गई। जिस वक्त नरेंद्र मोदी रूस की यात्रा पर थे, इसी वक्त पश्चिमी देशों का सैन्य गठबंधन नाटो अपनी मीटिंग कर रहा था। इस मीटिंग में यूक्रेन को और अधिक आर्थिक और सैन्य मदद का निर्णय लिया गया और उसे नाटो का सदस्य बनाने की पेशकश की गई। भारत और रूस के प्रगाढ़ संबंधों पर पश्चिमी राष्ट्रों में विशेषकर अमेरिका में बेचैनी बनी रहती है। फरवरी 2022 में आरंभ हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के पश्चात राष्ट्रपति पुतिन पश्चिमी देशों के निशाने पर हैं और रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयद किए गए। भारत द्वारा रूस से तेल आयात किया जा रहा है और सन् 2024 में दोनों देशों के मध्य तेल व्यापार तकरीबन 66 अरब डॉलर का रहा। ऐसे में भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है कि वह अमेरिका और रूस दोनों को अपने साथ लेकर चले। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शानदार कूटनीतिक पहल की है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए।

## भारत और बांग्लादेश में तनाव चरम पर

सन् 2024 बांग्लादेश के लिए अत्यंत उथल-पुथल का वर्ष रहा। आखिरकार शेख हसीना को 16 साल से चली आ रही उनकी राजसत्ता से बेदखल कर दिया गया। शेख हसीना को भारत में राजनीतिक शरण लेने के लिए विवश होना पड़ा। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार विद्यमान है, जिसकी कमान नोबेल प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में है। सत्ता परिवर्तन के तत्पश्चात भारत के साथ बांग्लादेश के रिश्तों का रंग भी काफी कुछ परिवर्तित हो चुका है। दोनों मुल्कों के मध्य तनाव चरम पर है। जिसे आने वाले दिनों में शिथिल करना दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती सिद्ध होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2000 से अधिक हिंसक वारदात अंजाम दी जा चुकी हैं। इन वारदातों में अनेक हिंदुओं की नृशंस हत्याएं भी अंजाम दी गई हैं। बांग्लादेश में जमात ए-इस्लामी तंजीम अत्यंत शक्तिशाली होकर उभरी है। कट्टरपंथी तंजीम जमात-ए-इस्लामी सदैव भारत विरोधी रही है और पाकिस्तान समर्थक समझी जाती है। वर्ष 2025 में बांग्लादेश भारत के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर कायम रहेगा।

# पड़ोस के अस्थिर हालात बढ़ाएंगे चिन्ताएं



**विदेश नीति**

सुनील अमर

स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक आकलन करने वाली संस्थाओं के अनुसार भारत आज विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि शीघ्र ही यह जापान को पछाड़ कर चौथी महाशक्ति और तीन साल के भीतर संभवतः जर्मनी को भी पछाड़ कर तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। दुनिया भारत की इस आर्थिक छलांग को कौतूहल भरी नज़रों से परख रही है। इस आर्थिक उपलब्धि से कई तरह के वैश्विक स्तर की सुविधाएं और सहूलियतें भी देश को मिल रही हैं। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में भारत ने जिस तरह की राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक मजबूती दिखाई है, उसके अपने निहितार्थ हैं लेकिन विकास को भी अपनी कीमत चुकानी पड़ती है। भारत के पड़ोसी देशों में राजनीतिक उथल-पुथल के फलस्वरूप अस्थिरता है और ऐसे में ये देश भारत को भी हर तरह से अस्थिर करने की कोशिशों में लगे रहते हैं। इस कड़ी में सबसे ताजा मामला बांग्लादेश का है। हालिया तख्तापलट के बाद से वहां पाकिस्तान के प्रभाव वाले कट्टरपंथियों का तेजी से उभार है और वे न सिर्फ भारत पर निर्वासित पूर्व प्रधानमन्त्री शेख हसीना को सौंपने का मूर्खतापूर्ण दबाव बना रहे हैं बल्कि मानों इस मांग का दबाव बढ़ाने के लिए वे वहां के अल्पसंख्यक हिन्दुओं का बहुविधि उत्पीड़न भी कर रहे हैं। दशकों से चला आ रहा भारत-बांग्लादेश का व्यापार भी गिरावट पर है। बांग्लादेश के जन्म से लेकर आज तक दुश्मन राष्ट्र के तौर पर घोषित पाकिस्तान का अब वहां खुला दखल हो गया है।

## पाक की अर्थव्यवस्था चौपट

दूसरा पड़ोसी पाकिस्तान है जो आज की तारीख में एक 'फेल्ड नेशन' कहा जा रहा है और जिसकी 3323 किमी लम्बी सीमा भारत से लगती है। कर्ज के दलदल में आकंठ डूबा पाकिस्तान आज न सिर्फ हाहाकारी, महंगाई बल्कि चौपट हो चुकी अर्थ व्यवस्था में फंस चुका है। पाकिस्तान पर मई 2024 तक लगभग 680 खरब पाकिस्तानी रुपये या 244 अरब डॉलर का बाहरी कर्ज बताया जाता है। इसके अलावा वर्ष 2013 से चीन ने पाकिस्तान को अपने शिकंजे में लेना शुरू किया जब उसने अरब सागर में सामरिक महत्त्व वाले पाकिस्तान के ग्वादर बन्दरगाह का अधिग्रहण कर लिया। दक्षिण एशिया में चीन की अति महत्त्वाकांक्षी योजना वन बेल्ट, वन रोड के तहत पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरीडोर या संक्षेप में सीपीईसी एक उपक्रम है जिसमें चीन वहां ढांचागत, ऊर्जा तथा औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करेगा और अब तक लगभग 65 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश कर चुका है। ध्यान रखने की बात है कि पाकिस्तान को मदद करने के नाम पर चीन ने जो पैसा वहां लगाया है उसका 98 प्रतिशत से अधिक कर्ज के रूप में है। अभी सितम्बर 2024 में आईएमएफ से पाकिस्तान को 07 बिलियन डॉलर के बेलआउट कर्ज को दिलवाने में भी चीन का ही हाथ था अन्यथा आईएमएफ ने तो इनकार ही कर दिया था। चौपट अर्थव्यवस्था के साथ ही पाकिस्तान में विकट राजनीतिक रस्साकशी है और वहां घरेलू आतंकवाद की नर्सरी भी फल-फूल रही है और आम लोगों के अलावा वहां काम कर रहे चाइनीज अधिकारी व कर्मचारी भी



निशाना बनाये जा रहे हैं। रही सही कसर तालिबानियों ने हमला कर पूरी कर दी है। आजादी से पूर्व भारत का ही हिस्सा रहे और अब पृथक राष्ट्र बांग्लादेश के राजनीतिक हालात भारत के लिए चिन्ता का कारण बनते जा रहे हैं। अगस्त 2024 में वहां हुए तख्तापलट के बाद वजूद में आया वहां का निजाम पाकिस्तान की राह पर चल निकला है और खुलकर भारत का विरोध कर रहा है।

## बांग्लादेश से लगती सीमा असुरक्षित

दशकों से परस्पर सहयोग, व्यापार और सुरक्षा को लेकर जो द्विपक्षीय सम्बन्ध भारत बांग्लादेश के बने थे, वे अब समाप्त प्राय हैं। सबसे बड़ी चिन्ता सीमा को लेकर है। भारत के पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, मिजोरम और मेघालय राज्यों की लगभग 4097 किमी लम्बी सीमा बांग्लादेश से लगी है और यह बहुत सी जगहों पर सुरक्षित भी नहीं है। शेख हसीना के सत्ता में रहने तक भारत के लिए सीमायें ज्यादा चिन्ता की बात नहीं थीं लेकिन उनके अपदस्थ होने के बाद अब यह चिन्ता का विषय है। जिस पाकिस्तान द्वारा किए गए नरसंहार व उत्पीड़न के विरोध में भारत की सैन्य मदद से बांग्लादेश का जन्म हुआ था, उसी पाकिस्तान से अब वर्तमान बांग्लादेश ने व्यापार और राजनीतिक मेल मिलाप शुरू कर दिया है और अब वहां चीन का सीधा दखल भी हो गया है। बांग्लादेश में अगर राजनीतिक परिस्थितियां न बदलीं तो चीन की धमक भारत के इस बार्डर पर भी सुनाई पड़ने लगेगी। तीसरे पड़ोसी चीन की 3488 किमी लम्बी सीमा भारत से लगती है। चीन सिर्फ पड़ोसी होने के कारण ही नहीं, कई अन्य प्रकार से भी भारत के लिए चैलेन्ज रहा है।

## चीन से रहा पुराना विवाद

चीन से भारत का पुराना सीमा विवाद चला आ रहा है और भारत की आर्थिक और तकनीकी प्रगति से वह चिढ़ता है। यही कारण है कि भारत के सभी पड़ोसी देशों यथा नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान में वह आर्थिक और राजनीतिक दखल देकर भारत को घेरना चाहता है। चिन्ता की बात है कि वह इसमें सफल होता भी दिख रहा है। भारत का एक और पड़ोसी नेपाल है जहां पिछले कुछ वर्षों से चीन रणनीतिक रूप से दखल दे रहा है। नेपाल के नये प्रधानमन्त्री केपी शर्मा ओली के पदस्थ होने के बाद से उनकी चीन से नजदीकियां और बढ़ी हैं तथा भारत का नेपाल पर पारम्परिक प्रभाव घटता दिख रहा है। नेपाल और भारत की 1850 किमी लम्बी सीमा है और दोनों देशों के बीच मुक्त आवागमन है। नेपाली अभी भी शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के लिए भारत को सुलभ मानते हैं। यही हाल श्रीलंका का भी है। लगभग 400 किमी लम्बी सीमा वाले श्रीलंका में वर्ष 2022 में हुए राजनीतिक प्रदर्शन और तख्तापलट के बाद यद्यपि अभी राजनीतिक स्थिरता है लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर श्रीलंका को भी चीन अपनी गिरफ्त में धीरे-धीरे ले रहा है। हिन्द महासागर में श्रीलंका की महत्त्वपूर्ण भौगोलिक व सामरिक स्थिति को देखते हुए चीन ने वहां के हम्बनटोटा बन्दरगाह तथा कोलम्बो पोर्ट सिटी को एक तरह से अधिगृहीत ही कर लिया है। आरोप तो यह भी है श्रीलंका में वर्ष 2015 में हुए चुनाव में चीन ने तत्कालीन राष्ट्रपति महिन्द्रा राजपक्षे के पक्ष में अप्रत्यक्ष तौर पर बहुत धन खर्च किया था। भारत के पड़ोसी देशों की अशांत स्थिति चिन्ताजनक है। ऐसे में निश्चित तौर पर सतर्क कूटनीति, आधुनिकतम रक्षा तैयारियां और व्यापार तथा अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करके ही अपनी स्थिति मजबूत की जा सकती है। अमेरिका में इसी माह नेतृत्व परिवर्तन होने जा रहा है। नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रधानमन्त्री मोदी के सम्बन्ध पहले से ही अच्छे रहे हैं। इस सम्बन्ध से कूटनीतिक फायदे लिए जा सकते हैं। अमेरिका का सार्थक हस्तक्षेप पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश में स्थितियां बदल सकता है।

# यूएन में सुधार के लिए मुखर रहेगा भारत



**नव वर्ष**

शंभू भद्र

वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार व विदेश मामलों के जानकार

नया वर्ष शुरू है, बड़ा सवाल है कि कठिन भूराजनीतिक परिदृश्य में आखिर भारत कूटनीतिक रूप से शक्ति संतुलन बनाए रखने में कितना सफल होगा, संयुक्त राष्ट्र में सुधार की अपनी लंबी मांग के लिए जमीन तैयार कर पाएगा और क्या अपने लिए नए क्षेत्र की जोड़ पाएगा? बीता वर्ष 2024 वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल से भरा रहा। बीते वर्ष में भारत ने यूएन में सुधार और स्थाई सदस्यता के लिए जोरदार पैरवी की। भारत ने अमेरिका व रूस के साथ संतुलित संबंध बनाए रखा।

## महाशक्तियों के साथ तालमेल

अब नव वर्ष में अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में कमान संभालने के बाद भारत महाशक्तियों के साथ आसानी से तालमेल बनाए रख सकेगा। भारत और चीन ने साढ़े चार साल से अधिक समय से चले आ रहे सीमा गतिरोध को खत्म किया और अविश्वास को कम करने के लिए कई कदम उठाने की घोषणा की। लेकिन चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बड़ा बांध व सीमा पर दो काउंटी के निर्माण ने भारत को सकते में डाल दिया है, इसका असर नरम होते रिश्तों पर पड़ेगा। भारत को डर है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में नए वर्ष में व्यापार और टैरिफ से संबंधित ट्रंप के नीतिगत दृष्टिकोण से अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। भारत-पाकिस्तान संबंधों में कुछ सकारात्मक दृष्टिकोण के संकेत मिले जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अक्टूबर में इस्लामाबाद की यात्रा की। लेकिन आतंकवाद को लेकर पाक के ढुलमुल रवैये व बांग्लादेश में भारत विरोधी मुहिम में जुटे पाकिस्तान के साथ नए वर्ष में रिश्ते सुधरने की उम्मीद कम ही है। ट्रंप के अमेरिकी सत्ता संभालने के साथ रूस, फ्रांस, ब्रिटेन के साथ भारत के अच्छे संबंध व चीन के साथ नरम हो रहे रिश्ते के आलोक में इस वर्ष अगर भारत यूएन में सुधार के एजेंडे को आगे बढ़ाने में सफल होता है तो यह बड़ी उपलब्धि होगी। ट्रंप को संयुक्त राष्ट्र की आलोचना करने के लिए जाना जाता है। बीते वर्ष में भारत ने इस वर्ष खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र के साथ अपने कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छह जीसीसी देशों में से तीन की यात्रा की। इन तीन देशों में कुवैत भी शामिल है, जहां इंदिरा गांधी के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री नहीं गए थे। प्रभावशाली समूह जीसीसी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। पीएम यूएई व कतर भी गए। जीसीसी के नए वर्ष में भी संबंध और प्रगाढ़ होंगे। भारत और जीसीसी के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2024 में लगभग 161.59 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो नए वर्ष में और बढ़ेगा।

## खाड़ी देशों से अच्छे संबंध

भारतीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जीसीसी के निवेश में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा और स्मार्ट सिटी पहल में। जीसीसी-भारत शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी ने क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी उपाय और समुद्री सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक साझेदारी के महत्व को रेखांकित किया। खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय लोगों की संख्या 80 लाख से अधिक है और वे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। सांस्कृतिक उत्सवों, कला प्रदर्शनियों और शैक्षिक आदान-प्रदानों ने क्षेत्रीय समझ और सहयोग को बढ़ावा दिया है। विश्व में लगभग सभी प्रमुख देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध को देखते हुए यूएन में स्थाई सदस्यता पाने का सही अवसर है। हालांकि चीन के अड़ंगे से पार पाना होगा।

## यूएन की 80वीं वर्षगांठ

संयुक्त राष्ट्र नए वर्ष में अपनी 80वीं वर्षगांठ पूरी करेगा। भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि वर्तमान एवं भविष्य की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में संगठन की 'प्रासंगिकता' बनाए रखने के लिए इसमें सुधार करना 'महत्वपूर्ण' है। जब विश्व के नेता सितंबर में महासभा के उच्च स्तरीय 79वें सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एकत्र हुए, तो उन्होंने ऐतिहासिक 'भविष्य की संधि' को सर्वसम्मति से अपनाया। इस दस्तावेज में शांति और सुरक्षा, सतत विकास से लेकर जलवायु परिवर्तन, डिजिटल सहयोग, मानवाधिकार, लैंगिक मामलों, युवा एवं भावी पीढ़ियों तथा वैश्विक शासन में परिवर्तन से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा था, 'यह ज्ञात तथ्य है कि 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए ऐसे समस्या-समाधान तंत्र की आवश्यकता है जो अधिक प्रभावी और समावेशी हो। हम अपनी पुरानी पीढ़ियों के लिए बनाए गए तंत्र से अपनी भावी पीढ़ियों के लिए उपयुक्त भविष्य नहीं बना सकते।' भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। भारत ने इस बात को रेखांकित किया है कि वह परिषद में स्थायी स्थान का सही मायनों में हकदार है। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद वर्तमान चुनौतियों से निपटने में विफल रही है तथा परिषद के सदस्य यूक्रेन युद्ध एवं इजराइल-हमास युद्ध जैसे संघर्षों पर विभाजित हैं। गुतारेस ने कहा था कि आज जो ज्वलंत मुद्दे हैं, उनमें से कई की कल्पना 1945 में संयुक्त राष्ट्र के बहुपक्षीय ढांचे के निर्माण के समय नहीं की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' में कहा, 'सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है... वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए।' संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से मोदी ने ऐसे समय में परिवर्तन का आह्वान किया, जब दुनिया युद्ध, आतंकवाद, जलवायु संकट, आर्थिक असमानता और महिलाओं के अधिकारों पर हमलों समेत कई संघर्षों से जूझ रही है।

## आतंकवाद सुरक्षा के लिए खतरा

इन वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने समाधान तक पहुंचने और संघर्षों को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति की लगातार वकालत की है। आतंकवाद 2025 में भी वैश्विक स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बना रहेगा। इसलिए भी संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत है। सितंबर में महासभा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की संयुक्त राष्ट्र की क्षमता जांच के दायरे में है, क्योंकि इसकी सुरक्षा परिषद ध्रुवीकरण से जूझ रही है और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में विफल रही है। पाकिस्तान जनवरी 2025 से दो साल के लिए गैर-स्थायी अध्यक्ष के रूप में सुरक्षा परिषद में शामिल हो गया है। पाक अपने कार्यकाल का उपयोग जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए करेगा। भारत को यूएन में सुधार के अपने एजेंडे के प्रति अधिक मुखर रहना होगा।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर चालक की रोटावेटर में फंसकर मौत

अमन लेखनी समाचार

**खेत जोतते समय ठंड लगने से ट्रैक्टर से नीचे गिरा चालक**

बांदा, जनपद के मरका थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेत की जुताई करते समय ठंड लगने से ट्रैक्टर चालक उपेंद्र सिंह पटेल ट्रैक्टर से नीचे गिर गए। रोटावेटर में फंसने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। 36 वर्षीय उपेंद्र सिंह पटेल अपने निजी ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे, जब यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी कल्पना देवी और एक पुत्री है, जो घटना के बाद से गहरे शोक में हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक उपेंद्र सिंह पटेल तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है और परिजन घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### श्री कृष्ण जन्म और नंदोत्सव पर जमकर झूमे श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, श्री धाम वृंदावन में कथा वाचक श्रद्धेय डॉ. शैल बिहारी दास जी महाराज ने वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म और नंदोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, जो बुद्धि और ज्ञान का नाश कर देता है। महाराज ने कहा कि भाद्रपद मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में कंस की कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उनका पालन-पोषण नंदबाबा के घर में हुआ। श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से आजाद कराया। कथा स्थल को खास तौर पर सजाया गया। माखन-मिश्री का प्रसाद बांटा गया। भक्तों ने नाच-गाकर नंदोत्सव मनाया। भजन नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की पर श्रद्धालु झूम उठे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाई देकर खिलौने और मिठाइयां बांटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। महिलाओं ने भजन गाकर श्रीकृष्ण जन्म की खुशी मनाई। इस मौके पर अमित अग्रवाल मुन्ना, यशी बंसल, चंद्र प्रकाश ठठेरे, आचार्य अतुल पांडेय, अनुज मिश्रा, अलका कौशिक, भावना अग्रवाल, डॉ. सुमन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल (एडवोकेट), रीना अग्रवाल, सरिता गुप्ता, करण सेठी, संजीव, बिट्टू, यथार्थ, वैभव, नेहुल और प्रतिष्ठा सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# वृहद कम्बल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत गंगापुर मे प्रधान आशीष कुमार पाण्डेय के तत्वाधान मे मंगलवार को वृहद कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरुरतमंदो, निराश्रित व दिव्यांगजनो कों कार्यक्रम मुख्य अतिथि बहराइच सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रूपईडीहा डॉ उमा शंकर वैश्य, जेपी सिंह ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज तथा उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रधुमन सिंह, तहसीलदार अजय यादव के द्वारा कंबल वितरित किया गया। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड ने क्षेत्र की जनता को सम्बोधित किया एवं भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान आशीष पाण्डेय ने बताया कि तराई क्षेत्र मे ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। शीत लहर के दृष्टिगत गरीब, बेसहारा व निशक्त व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो इसके लिए जरुरतमंदो कों कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी देवेंद्र पाठक, भीमसेन मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरुण सोनकर, संदीप जायसवाल एवं पार्टी कार्यकर्ता सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रुपईडीहा के मुख्य बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर




अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। स्थानीय प्रशासन व नगर पंचायत की टीम ने मंगलवार को शहर के मुख्य बाजार में दुकान के आगे लगे टीन शेड को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। उपजिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जंग बहादुर की अगुवाई में मंगलवार देर शाम शहर के मुख्य बाजार से स्टेशन रोड तक नालों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान प्रशासन व नगर पंचायत की टीम ने नालों पर अतिक्रमण कर बनाये गए टीन शेड को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। सभी को चेतावनी भी दी गई कि अगर दोबारा अतिक्रमण करते मिले तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन व नगर पंचायत की कार्रवाई के दौरान बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, सीओ नानपारा प्रधुमन सिंह, तहसीलदार नानपारा अजय यादव, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह, रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे मतदाता पुनः निरीक्षण का अंतिम प्रकाशन



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 01.01.25 के आधार पर विधान सभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित दिनांक 07.01.25 को विधान सभा कैसरगंज के अंतर्गत समस्त बूथों पर व तहसील सभागार में निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज आलोक प्रसाद तहसीलदार अभय राज पांडे नायब तहसीलदार बृजेश कुमार नायब तहसीलदार ब्रह्मदिन यादव एवं तहसील कैसरगंज के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## रूपईडीहा में खुलें हैं निजी विद्यालय

**भीषण ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर छात्र**

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा में सर्द पछुआ हवा की वजह से शीतलहर का दौर पिछले चार-पांच दिनों से जारी है। दिन भर सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे हैं। सर्द हवा नश्तर सी चुभ रही है। तापमान में गिरावट होने से गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। कुछ निजी विद्यालय प्रबंधकों की हठ़ता के करण इतने ठंड में भी नन्हे मासूम स्कूली छात्र स्कूल जाने को मजबूर हैं। बच्चों के अभिभावक भी डरे हुए हैं कि इतनी ठंड में बच्चे स्कूल कैसे जाएंगे। खासकर साइकिल से स्कूल जाने वाले स्टूडेंट्स को कोहरे के कारण साइकिल चलाने में परेशानी हो रही है। कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच सुबह सुबह स्कूली छात्र ठिठुरते हुए स्कूल पहुँचते हैं। शीतलहर चलने के कारण दिन भर बच्चे कांपते रहते है। सुबह से ही शहर की सड़कों पर कोहरा छाया रहता है। दोपहर बारह बजे तक ओस की बूंदे पानी के साथ टपकती हैं। धुंध के कारण ग्यारह बजे तक कुछ दूरी पर देखना भी मुश्किल था। खैर, जैसे-तैसे बच्चे कांपते, बहती नाक पोछते स्कूल पहुंचे, स्कूल प्रबंधकों ने कक्षाओं में भी ठंड से बचाव के कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं। हालांकि परिषदीय विद्यालयों में चौदह जनवरी तक शीतकालीन अवकाश पहले से ही घोषित है, जबकि अशासकीय सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त एक से 8वीं तक के विद्यालयों को जिलाधिकारी बहराइच के निदेशानुसार पहले से विद्यालय बंद करने का आदेश दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी नगर पंचायत रूपईडीहा क्षेत्र में कई प्राइवेट विद्यालय लगातार खुल रहें हैं।

## स्थानांतरण को लेकर शिक्षामित्रों में खुशी की लहर

**जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। बहुप्रतीक्षित स्थानांतरण आदेश जारी होने से उन सभी शिक्षामित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है, जो 20 से 25 किलोमीटर दूर स्कूल जाते थे। खास तौर पर उन महिला शिक्षामित्रों को जो ससुराल से दूर अपने मायके में रह कर नौकरी कर रही हैं। स्थानांतरण होने पर सभी शिक्षामित्रों को अब स्कूल आवागमन में आसानी होगी।

सभी महिला शिक्षामित्रों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का सहृदय से बारम्बार धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया है। प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ बहराइच से जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह ने यह बात कही। उन्होंने कहा इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में विधान परिषद सदस्य श्रीचंद्र शर्मा का योगदान अतुलनीय है, जिन्होंने मुख्यमंत्री श्री योगी के सामने हमारी पीड़ा रखी थी, उनका भी बहुत धन्यवाद। ईश्वर की कृपा से व उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय सरकार के आशीर्वाद एवम्‌संगठन के साथ प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार तथा जिलाध्यक्ष वाराणसी अजय सिंह के अथक प्रयास से उम्मीद है जल्द ही हमारी आर्थिक समस्या का भी समाधान हो जाएगा।

## उप जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**गरीबों के न्याय के लिए खुला है हमेशा दरबार**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज आलोक प्रसाद आईएएस ने ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया। ठंड से बचने के लिए गरीब बेसहारा लोगों के लिए हमेशा तहसील का दरबार खुला है। फरियादी बे झिझक कभी भी डायरेक्ट मिल सकते हैं। किसी भी फरियादी को कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। हमेशा पब्लिक की सेवा के लिए हाजिर हूं। आलोक प्रसाद ने बताया कि ठंड से बचने के लिए कस्बा कैसरगंज में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरे को बिल्कुल चुस्त दुरुस्त रखा गया है। किसी भी आम नागरिक को भी रात के समय विश्राम के लिए कही भटकना नहीं पड़ेगा।

## मौसम की बदलाव से मासूम हो रहे बेहाल

**घरेलू नुस्खे को अपनाने से बचें: डॉ खतीब हुसैन**

अमन लेखनी समाचार/फैजान



कैसरगंज, बहराइच। तराई में मौसम के बदलते रूख से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है बच्चे इससे अधिक प्रभावित हैं। डॉक्टर खतीब हुसैन ने कहा की एक से तीन माह के बच्चों को ठंड से बचाए गर्म कपड़ों में लपेट कर रखें। हाथ व पांव के पंजे को खुला ना छोड़े। बाहर का ठंडा दूध ना पिलाए। उसे गुनगुना जरूर कर ले कमरे की खिड़की दरवाजे से हवा रोकने का इंतजाम जरुर करें। सर्द मौसम में हार्ट अटेक बीपी कोलेस्ट्रॉल वाले मरीजों को बचने के लिए अपने खाने पीने पर अधिक ध्यान रखने की जरूरत है। तुलसी, शहद, अदरक, ड्राई फ्रूट्स, लहसुन, गुड़, सूप, बाजरे की रोटी और हरी सब्जियां सर्दियों में जरूर खाने चाहिए। ये सभी चीजें पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं हार्ट अटेक से बचने के लिए तली भुनी शुगर व नमक वाली चीजो से बचना चाहिए। और अपने खाने के साथ लहसुन के दो जवे दिन में एक बार जरूर लेना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू नुस्खे को अपने से लोग बचें कई बार लोग घरेलू नुस्खे के प्रयोग के बाद गंभीर हालत में बच्चों को लेकर पहुंचते हैं। बच्चे का स्वास्थ्य खराब होने का तत्काल चिकित्सक से परामर्श ले कमरे में हीटर जलाकर न सोएं। रात समस्या आ सकती है, इसलिए सोने से पहले उसे बंद अवश्य करें।

## जल गुणवत्ता परीक्षण किट देकर ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जल जीवन मिशन की टीम ने वीडीओ शिवपुर की अध्यक्षता में महिलाओं को वितरित किए गए जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु फील्ड टेस्ट किट। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत आज मंगलवार को विकासखंड की सभागार में जल जीवन मिशन की टीम द्वारा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों से पांच पांच महिलाओं को जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु मल्टी पैरामीटर फील्ड वॉटर टेस्टिंग किट प्रदान की गई सभी किट के साथ सूचना पुस्तिका उपलब्ध कराई गई जिससे जल जांच के रासायनिक तत्वों तथा जीवाणु परीक्षण की विधि की जानकारी विस्तृत रूप से जानी जा सके। किट में जल जांच के 10 पैरामीटर रासायनिक तत्व हेतु केमिकल एवं उपकरण मौजूद है तथा बायोलॉजिकल जीवाणु परीक्षण जांच हेतु 100 h2s वायल्स की बोतल अलग से है। दस पैरामीटर का नाम टरबीडीटी, पीएच, हार्डनेस, लौह, क्लोराइड, क्लोरीन, नाइट्रेट, फलोराइड आलक्लीनीटी, आर्सेनिक हैं। इसमें एक किट से 100 सैंपल की जांच की जा सकती है। इस संबंध में जल जीवन मिशन (आई एस ए) मे कार्यरत अनमोल श्रीवास्तव ने बताया जल जीवन मिशन अंतर्गत 'हर घर नल से जल' की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत देशवासियों को स्वच्छ पेयजल मिल सके इस संबंध में घर में पीने वाले पानी में रासायनिक तत्वों की कमी व अधिकता की जांच हेतु आज विभिन्न गांव में तैनात समूह की 5-5 महिलाओं को जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु 50 मल्टी पैरामीटर फील्ड वॉटर टेस्टिंग किट वितरित की गई है जो अपने गांव के लोगों के घरों में पेयजल में रासायनिक तत्वों की जांच कर उन्हें जागरूक कर सके और उन्हें स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शिवपुर राजेंद्र प्रसाद एडीओ राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न ग्राम पंचायत से सैकड़ो महिलाएं तथा जल जीवन मिशन की टीम उपस्थित रही।

## अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस सहित एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अ0पु0अ0 (ग्रामीण) व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.01.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना खैरीघाट के लौकिहा नहर मोड़ से समय करीब 20.35 बजे एक अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे पुत्र रामदत्त कोरी उम्र 50 वर्ष निवासी दामू बेहड़ दा० चन्द्रासा थाना ईसा नगर जनपद लखीमपुर खीरी को एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ अन्तर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में वरिष्ठ उनि0 उपेंद्र कुमार सिंह मय हमराह द्वारा गिरफ्तार कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो / निदेशों का पालन करते हुये माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के परिजन को जरिये उचित माध्यम दी गयी।

## उप जिलाधिकारी नानापारा ने निमार्णाधीन गौशाला का किया निरिक्षण

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। उप जिलाधिकारी नानपारा अश्विनी कुमार पांडेय ने नगर पंचायत रुपईडीहा में बन रहे गौशाला का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने नगर पंचायत रूपईडीहा के पचपकरी वार्ड में निर्माण अधीन गौशाला का निरीक्षण किया। ज्ञात होगी नगर पंचायत रुपईडीहा द्वारा उपजिलाधिकारी नानपारा को सूचित किया था की नगर पंचायत में गौशाला बनाने के लिए जो जमीन अधिग्रहित की गई है उसमें प्रवासियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, उस कब्जे को हटाया जाए। इसी का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी गौशाला निरीक्षण के लिए गए थे। जहां पर अवैध कब्जा करके लोग बैठे हैं। उप जिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान वहां 38 गायें मिली और 250 क्विंटल भूसा था। गायों में एक गाय बीमार पाई गई जिसका इलाज करने का निर्देश दिया गया। चूंकि ये गौशाला काफी बड़ा है इसलिए गायों को और बढ़ाने का आदेश दिया गया की कम से कम 200



से ऊपर यहां गायें होनी चाहिए। वहां पर अतिक्रमण करने वालों से कहा गया है कि जल्द ही स्वयं कब्जा हटा ले अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उनके साथ क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युमन सिंह, अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर, थाना प्रभारी रूपईडीहा ददन सिंह मौजूद रहे।

## मौसम की बदलाव से मासूम हो रहे बेहाल

**घरेलू नुस्खे को अपनाने से बचें: डॉ खतीब हुसैन**

अमन लेखनी समाचार/फैजान



कैसरगंज, बहराइच। तराई में मौसम के बदलते रूख से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है बच्चे इससे अधिक प्रभावित हैं। डॉक्टर खतीब हुसैन ने कहा की एक से तीन माह के बच्चों को ठंड से बचाए गर्म कपड़ों में लपेट कर रखें। हाथ व पांव के पंजे को खुला ना छोड़े। बाहर का ठंडा दूध ना पिलाए। उसे गुनगुना जरूर कर ले कमरे की खिड़की दरवाजे से हवा रोकने का इंतजाम जरुर करें। सर्द मौसम में हार्ट अटेक बीपी कोलेस्ट्रॉल वाले मरीजों को बचने के लिए अपने खाने पीने पर अधिक ध्यान रखने की जरूरत है। तुलसी, शहद, अदरक, ड्राई फ्रूट्स, लहसुन, गुड़, सूप, बाजरे की रोटी और हरी सब्जियां सर्दियों में जरूर खाने चाहिए। ये सभी चीजें पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं हार्ट अटेक से बचने के लिए तली भुनी शुगर व नमक वाली चीजो से बचना चाहिए। और अपने खाने के साथ लहसुन के दो जवे दिन में एक बार जरूर लेना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू नुस्खे को अपने से लोग बचें कई बार लोग घरेलू नुस्खे के प्रयोग के बाद गंभीर हालत में बच्चों को लेकर पहुंचते हैं। बच्चे का स्वास्थ्य खराब होने का तत्काल चिकित्सक से परामर्श ले कमरे में हीटर जलाकर न सोएं। रात समस्या आ सकती है, इसलिए सोने से पहले उसे बंद अवश्य करें।

## खेल से छात्रों का होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास: ब्लॉक प्रमुख



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मंगलवार को नवाबगंज विकासखंड अंतर्गत युवा कल्याण प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करने पहुंचे ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने कहा कि खेलों से छात्रों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल से शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है, साथ ही नौकरियों में भी खेल का कोटा होता है। इसलिए प्रत्येक छात्र को अपनी दिन चर्या में खेल को सम्मिलित करना चाहिए। कार्यक्रम में एस पी सिंह, दुर्गेश वर्मा, रिंकू सिंह, छेदा खां, अमित पाठक, रोजन, विशाल सिंह, विकास सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर 1.89 करोड़ का जुर्माना

**चार खदानों पर की गई कार्रवाई, दो पर लगी रोक**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, जिले में अवैध खनन पर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ने संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई करते हुए सप्ताह भर में चार खदानों में जांच की। इस दौरान अवैध खनन पाए जाने पर पट्टाधारकों पर 1 करोड़ 89 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया और दो खदानों पर खनन रोकने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर 26 दिसंबर को मरौली खादर में जांच की गई। यहां 1471 घन मीटर अंदर और 2003 घन मीटर मौरंग पट्टा के बाहर अवैध खनन पाया गया। इस पर पट्टाधारक प्रशांत गुप्ता पर 31.26 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 27 दिसंबर को बरियारी (नरैनी) में जांच में 8281 घन मीटर अवैध खनन पाया गया। इस पर पट्टाधारक पर 99.39 लाख रुपये का जुमार्ना ठोका गया। मरौली खादर में दूसरी खदान की जांच में पट्टाधारक संजीव कुमारम गुप्ता के यहां 4371 घन मीटर अवैध खनन मिला। जिलाधिकारी ने इस पर 39.34 लाख रुपये का जुमार्ना किया। 30 दिसंबर को बेंदाखादर खदान में जांच की गई, जो कैलाश सिंह यादव के नाम आवंटित है। यहां 2139 घन मीटर अवैध खनन पाया गया। जिलाधिकारी ने 19.25 लाख रुपये का जुमार्ना किया और खनन पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी की। बांदा जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने कड़े कदम उठाए हैं। आगामी समय में भी खनन गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी।

हम दूसरों की केयर तो खूब करते हैं, लेकिन अपने आपको भूले रहते हैं या कहें सेल्फ केयर इग्नोर करते हैं। ऐसा करके हम मेंटली ही नहीं, फिजिकली अपना नुकसान करते हैं, एक तरह से अपनी खुशियां खोते हैं। सेल्फ केयर क्यों जरूरी है, सेल्फ केयर कैसे करें, हम सभी को अपनी हैप्पी लाइफ के लिए यह जरूर जानना चाहिए।

# हैप्पी लाइफ के लिए जरूरी है सेल्फ केयर

कवर स्टोरी

रजनी अरोड़ा

जिंदगी को खुशनुमा बनाने के लिए सेल्फ केयर करना बहुत जरूरी है। जितना हम अपनी केयर पर ध्यान देंगे, उतना ही हमारी जिंदगी सुचारु रूप से चलेगी, हम आने वाली चुनौतियों का सामना आसानी से कर पाएंगे। आमतौर पर लोग सेल्फ केयर के मायने यही समझते हैं- पर्सनालिटी ग्रूमिंग या अट्रैक्टिव लुक। लेकिन असल में यह सेल्फ मेंटेनेंस है, मतलब ऐसी हैबिट्स, जो हमें अच्छा दिखने में सपोर्ट करती हैं। हम इस बात को समझें कि सेल्फ मेंटेनेंस, सेल्फ केयर का एक हिस्सा है, ओवरऑल सेल्फ केयर नहीं।



## सेल्फ केयर के सही मायने

सेल्फ केयर एक तरह की सोच है। जिसके तहत हम अपनी केयर करने की जिम्मेदारी को समझते हैं, उसे पूरा करने के लिए भरसक कदम उठाते हैं। डेली रुटीन में ऐसी एक्टिविटीज करते हैं या ऐसी हैबिट्स फॉलो करते हैं, जो हमें हमारा बैटर वर्जन बनाने में मदद करती हैं, जिनसे हमारी हेल्थ इंप्रूव होती है, हम अच्छा महसूस करते हैं और लाइफ को एंज्वॉय कर पाते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम जीवन के विभिन्न पहलुओं पर गौर करें और अपनी सेल्फ केयर करें।

## फिजिकल सेल्फ केयर

अपनी बॉडी का ख्याल रखना सबसे जरूरी है। हममें से कई लोग दूसरे द्वारा इग्नोर होने पर या किसी तरह का दुख आने पर अपनी केयर करना बंद कर देते हैं। यह कुछ समय के लिए तो ठीक है, लेकिन लगातार खुद पर ध्यान ना देने पर यह आपकी आदत बन जाती है, इससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि चाहे कुछ भी हो जाए, अपनी फिजिकल हेल्थ का ध्यान रखें। रेग्युलर जिमिंग, योगा, एक्सरसाइज करें। अच्छी न्यूट्रिशियस डाइट लें, वर्कआउट करें, जंक फूड अवॉयड करें ताकि आप हेल्दी और फिट रहें।

## इमोशनल सेल्फ केयर

अपने इमोशंस का आपको खुद ख्याल रखना होता है। दूसरे आपको कैसे ट्रीट करते हैं, इससे कहीं ज्यादा यह जरूरी है कि आप खुद को कैसे ट्रीट करती हैं। हर समय दुखी और उदास मूड, आपको परेशान रखता है। कई बार आप इससे इरीटेट भी होने लगती हैं। आपका मन पूरी तरह एंज्वॉय करने को करता है, लेकिन ना चाहते हुए भी आप अपने मन को मारकर पूरा दिन यूं ही उदासी में बिता देती हैं। अपने इमोशंस को समझें, उन्हें इग्नोर ना करें। बाहर निकलें, घूमें-फिरें। अगर आपको किसी एक्टिविटी का शौक है तो उसके लिए समय निकालें। ऐसा करने से आप हमेशा खुश रहेंगी।

## स्प्रिचुअल सेल्फ केयर

स्प्रिचुएलिटी किसी जाति या धर्म से नहीं जुड़ी होती। हम चाहे हिंदू हों या किसी भी धर्म के हों, हमें नेचर के संपर्क में आने पर सुकून मिलता ही है। जैसे-जब हम किसी सी-बीच पर जाते हैं या पहाड़ी इलाके में या फिर बारिश के मौसम में अपने घर की छत पर चलने वाली हवा के संपर्क में भी काफी सुकून मिलने लगता है। यानी अपनी रूह को खुश रखने के लिए हमें नेचर के संपर्क में आना ही पड़ता है। कोशिश करें कि कहीं घूमने निकल जाएं या फिर किसी ऐसी जगह समय बिताएं, जहां आपको शांत और तनावमुक्त महसूस होता हो। कुल मिलाकर ऐसी हैबिट डेवलप करें या वो स्टेप लें, जो स्प्रिचुअल ग्रोथ में हमें सपोर्ट करती हैं। ऐसी एक्टिविटीज करें, जो आत्मा के विकास से जुड़ी होती हैं। जैसे- माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करें, मेडिटेशन करें या रोजाना पूजा-अर्चना करें, धार्मिक यात्रा या तीर्थाटन पर जाएं, धार्मिक गुरुओं के सत्संग में जाएं, धार्मिक किताबें पढ़ें।

## इंटलेक्चुअल सेल्फ केयर

मेंटल हेल्थ पर फोकस करने, अपनी नॉलेज बढ़ाने या कुछ नया सीखने के लिए हम किताबें पढ़ें, कोई मनपसंद कोर्स करें, नई स्किल सीखें और नेट पर नई-नई चीजों, जगहों या ज्ञान को एक्सप्लोर करें, ताकि माइंड के होरिजॉन का विस्तार हो और बौद्धिक क्षमता बढ़े। फ्री टाइम मे मोटिवेशनल या इंस्पायरिंग वीडियोज देखें। इसके पीछे कुछ नया सीखने या नया क्रिएटिव वर्क करने का उद्देश्य रहता है। ये सारी एक्टिविटीज, आपके अंदर एक एनर्जी बनाए रखती हैं, जो आपके दिमाग को बिजी रखती हैं। आपको हमेशा कुछ जानने-सीखने का मौका मिलता है। ये एक्टिविटीज आपके दिमाग को शार्प भी करती हैं।



## सोशल सेल्फ केयर

इसमें वो एक्टिविटीज आती हैं, जो हमारी सोशल लाइफ से जुड़ी होती हैं। जिनसे हमारे रिलेशन तो स्ट्रॉन्ग होते ही हैं, उनके साथ अपनी बातें शेयर करके आप रिलैक्स भी होते हैं। जैसे-पैरेंट्स को रोज फोन करना, दोस्तों के साथ घूमना, सोशल गैदरिंग में शरीक होना। लेकिन सोशल लाइफ को अच्छा बनाने और खुद को मजबूत बनाने के लिए उन लोगों से दूरी बनाना भी जरूरी है, जो जीवन में कटुता घोलते हैं।

## सेंसरी सेल्फ केयर

हमारी पांच ज्ञानेंद्रियों से हमें देखने, छूने, बोलने, सुनने, सूंघने की क्षमता मिली हुई है। ये सभी फीलिंग्स, हमारे स्ट्रेस लेवल को बढ़ाने और घटाने का काम करती हैं। आप सेंसरी सेल्फ केयर कर सकती हैं जैसे- रात को सोते समय लाइट म्यूजिक सुनना, सुबह उठकर बाहर पार्क में गीली घास पर नंगे पैर चलना।

## फाइनेंसियल सेल्फ केयर

फाइनेंसियल केयर से हमारी लाइफ का फाइनेंस एरिया स्ट्रॉन्ग रहता है, इसके लिए हमें कदम उठाने चाहिए, जैसे-बजट बनाकर चलें या फाइनेंस को मैनेज करें, जिससे हमें पता चले कि कहां कितना खर्च करना है? कितना पैसा रिलैक्स होने या मनोरंजन के लिए खर्च करना है, कितना भविष्य के लिए सेविंग करनी है? जब हम इस तरह प्लान करके चलते हैं कि भविष्य के लिए हमारे फाइनेंसियल गोल्स क्या हैं, तो इस तरह के प्लान बनाकर चलना ही हमारी सेल्फ केयर एक्टिविटीज का हिस्सा बन जाते हैं, जो हमारी जिंदगी के फाइनेंसियल एरिया की क्वालिटी को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।





भले ही समाज की सोच काफी बदली हो, लेकिन आज भी सिंगल मदर को लेकर लोगों की सोच नकारात्मक बनी हुई है। इस कारण सिंगल मदर के सामने बच्चों की परवरिश को लेकर कई तरह की चुनौतियां, समस्याएं आती हैं। वे इससे कैसे बचें, एक जरूरी सलाह।

# सिंगल मदर के लिए कितनी मुश्किल है बच्चों की परवरिश

पैरेंटिंग

नीलम अरोड़ा

इसमें कोई दो राय नहीं कि सिंगल मदर्स के लिए बच्चों की परवरिश आज भी मुश्किल है, क्योंकि अपने समाज में अभी भी सिंगल मदर को लेकर कई तरह की सामाजिक, आर्थिक और भावनात्मक चुनौतियां बनी हुई हैं। फिर भी सिंगल मदर्स ने अपने संघर्ष से पहले के मुकाबले स्थितियां थोड़ी अपने अनुकूल बना ली हैं। कुछ दशकों पहले की तरह आज सिंगल मदर्स के लिए अपने बच्चों की परवरिश असंभव नहीं है। लेकिन अभी भी उन्हें संघर्ष करना पड़ता है।

ऐसी स्थिति में हर सिंगल मदर को मानसिक रूप से पहले से तैयार रहना चाहिए। सिंगल मदर को अपने टीनएजर बच्चों से लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए। कई जरूरी बातों को बताते और समझाते रहना चाहिए।

**बता दें अपने अलगाव के बारे में:** सिंगल मदर को अपने टीनएजर बच्चों को अपने अलगाव के बारे में खुलकर सारी बातें बता देनी चाहिए। क्योंकि जब उन्हें यह सब पता नहीं होता तो वे ज्यादा उदास और कई बार बहुत ज्यादा बेचैन और तनाव से घिर जाते हैं। ऐसे बच्चे रिश्तों पर जल्दी से भरोसा नहीं कर पाते।

**उन्हें रिश्तेदारों से जोड़कर रखें:** सिंगल मदर्स के बच्चों का भरोसा रिश्तों के प्रति खोए नहीं, इसलिए उन्हें समय-समय पर अपने बच्चों को रिश्तेदारों के यहां ले जाना चाहिए। हर तरह के फैमिली फंक्शन में अपने बच्चों के साथ शामिल हों, जिससे उन्हें परिवार और रिश्तों के बारे में सकारात्मक अनुभव हो। सिंगल मदर्स की यह कोशिश होनी चाहिए कि उनके बच्चों की अपने कजिंस के साथ एक बॉन्डिंग हो। इसलिए कभी-कभी उन्हें घर बुलाएं या किसी फैमिली ट्रिप का प्लान करें।

**ब्लैकमेलिंग से बचें:** बढ़ती उम्र के साथ बच्चों की ख्वाहिशें बढ़ती हैं। हो सकता है वे आपसे ऐसी डिमांड करें, जिसे पूरा करना आपके लिए संभव ना हो। बच्चे भी आमतौर पर अपने घर की स्थितियों को जानते होते हैं, लेकिन कई बार कुछ चीजों को लेकर वे इतने पजेसिव हो जाते हैं कि उन्हें वो चीज हर हाल में चाहिए ही, इसके लिए वे कई बार ब्लैकमेलिंग भी करने लगते हैं। लेकिन आप इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट रहें, ना तो खुद ब्लैकमेल का शिकार हों और ना ही कभी उन्हें ब्लैकमेल करें।



**उन्हें समय दें:** सिंगल मदर को आर्थिक दायित्व निर्वाह के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसका मतलब यह नहीं है कि घर में समय ना दें। टीनएजर्स के मन में कई उलझनें होती हैं, जिन्हें वे किसी से बांटना चाहते हैं। इसलिए उन्हें पर्याप्त समय दें। वीकेंड पर उन्हें घुमाने ले जाएं, साथ मिलकर एक्सरसाइज करें, इससे सेहत और शेयरिंग बेहतर होगी। अगर बच्चे आपसे कुछ पूछने या जानने की कोशिश करें तो उन्हें बेधड़क सच-सच बता दें।

### ओवर प्रोटेक्शन से बचें

चूंकि सिंगल मदर के मन में बच्चों को बेहतर भविष्य देने का दबाव होता है, ऐसे में कई बार वह ओवर प्रोटेक्टिव हो जाती हैं। बहुत सी चीजें बच्चे अपने अनुभवों से भी सीखते हैं। मां मार्गदर्शन कर सकती है, लेकिन हमेशा अंगुली पकड़ कर साथ नहीं चल सकती। जब बच्चों के सिर से ओवर प्रोटेक्शन की लेयर हट जाएगी तो वे कॉन्फिडेंस से भरपूर मजबूत इंसान बनेंगे, इंडिपेंडेंट भी होंगे।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन

कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# स्किन की करें प्रॉपर केयर निखरा दिखेगा आपका रूप

एक सप्ताह बाद वेडिंग सीजन शुरू हो जाएगा। जाहिर है, आपको भी मैरिज फंक्शंस और पार्टीज में जाना होगा। ऐसे ऑकेजंस में आपका रूप खिला-खिला नजर आए, इसके लिए आपको मौसम को देखते हुए अभी से अपनी स्किन की प्रॉपर केयर करनी होगी।

**एक्सफोलिएशन है जरूरी:** स्किन को हफ्ते में कम से कम दो बार एक्सफोलिएट कीजिए ताकि आपकी स्किन पर नेचुरल ग्लो आ सके। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसके लिए सैलसिलिक एसिड का उपयोग करके स्किन पर मौजूद ब्लैक स्पॉट्स को हटाकर निखार सकती हैं। अगर आपकी स्किन ड्राय है तो इसके लिए ग्लाइकॉल एसिड उपयोगी रहेगा। यह स्किन पर मौजूद झुर्रियों को रोकने में मदद करेगा। एक्सफोलिएशन करने से स्किन पर टोनर और मॉयश्चराइजर के भी बेहतरीन रिजल्ट मिलेंगे।

**करती रहें हाइड्रेट:** पार्टी में आपका मेकअप अट्रैक्टिव दिखे, इसके लिए पहले अपनी स्किन को हाइड्रेट करना कतई ना भूलें। हालांकि जाड़े में प्यास कम लगती है लेकिन स्किन हाइड्रेशन के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीती रहें। इसके अलावा जूस, सूप, नारियल पानी, खीरा आदि का नियमित सेवन करें और फेस पर भाप भी लेती रहें। चाय, कॉफी आदि के सेवन से परहेज करें क्योंकि यह आपकी स्किन को डीहाइड्रेट करते हैं।



**यूज करें सीरम:** अगर बिजी रहने की वजह से आप अपनी स्किन पर जरूरी ध्यान नहीं दे पाती हैं तो विटामिन-सी युक्त सीरम का अप्लाई करें। ये स्किन के भीतर तक असर करके इसकी नेचुरल ग्लो को निखारता है। इसके अलावा गुलाब जल, शहद और मिल्क पावडर को मिक्स करके तैयार किया मास्क फेस पर लगाकर 20 मिनट बाद धो डालिए। इससे भी आपकी स्किन ग्लो करेगी।

**आंखें नहीं दिखेंगी डल:** आप अपनी स्किन का पूरा ध्यान रखती हैं लेकिन अगर आपकी आंखें थकी दिखेंगी तो सारा लुक डल हो जाएगा। आंखों की डलनेस और थकान को दूर करने के लिए यूज्ड टी-बैग्स या खीरे की स्लाइसेस को अपनी आंखों पर कुछ देर के लिए रखें। इससे आपकी आंखें तरोताजा होंगी और उसके आस-पास डार्क सर्कल भी कम होंगे।

**प्रॉपर तरीके से करें मेकअप:** जब आपकी स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेट होगी, तभी आपका मेकअप अपीलिंग लगेगा। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि वेडिंग पार्टी में आपके मेकअप की रंगत, आपकी ड्रेस से मैचिंग होनी चाहिए। एक अच्छे प्राइमर से शुरुआत कीजिए ताकि आपका मेकअप परफेक्ट दिख सके। ऐसे ऑकेजंस पर मेकअप के लिए ऑयली फाउंडेशन से परहेज करें। अपने होंठों पर उसकी स्किन शेड से गहरी लिप लाइनर लगाएं और उसके बाद लिपस्टिक अप्लाई करें। इससे आपका ओवरऑल लुक अट्रैक्टिव दिखेगा।

मेंटल हेल्थ

डॉ. ज्योति कपूर

सीनियर साइकोलॉजिस्ट, एनसीआर

हालांकि आज के दौर में अधिकतर लोग स्ट्रेस में दिखते हैं। लेकिन स्ट्रेस फ्री रहना बहुत टफ भी नहीं होता है। अगर आप अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बातों पर ध्यान देना शुरू कर दें तो स्ट्रेस फ्री रह सकती हैं। ऐसा कैसे संभव है, आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# बहुत टफ नहीं स्ट्रेस फ्री रहना



हाल में ही शुरू हुए नए साल को लेकर आपने भी ढेरों सपने संजोए होंगे। इन्हें पूरा करने के लिए आपको स्ट्रेस फ्री होकर मेहनत करनी होगी। अगर आप यह सोच रही हैं कि आज के दौर में स्ट्रेस फ्री रहना तो बहुत टफ है, तो अपनी सोच बदल डालिए, क्योंकि अगर आप डेली लाइफ में कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना शुरू कर दें तो भी स्ट्रेस फ्री रह सकती हैं। इसके लिए आपको अपनी मानसिकता और रूटीन को सही दिशा में ढालना चाहिए।

**अपेक्षाएं कम रखें:** हालांकि हर नया साल, नई उम्मीदें और लक्ष्य लेकर आता है, लेकिन अगर आप अपनी अपेक्षाएं बहुत अधिक या हर किसी से रखेंगी तो निराशा का सामना करना पड़ सकता है। इससे तनाव बढ़ेगा। ऐसा ना हो इसके लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर सकें। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और तनाव कम होगा। हर किसी से ज्यादा अपेक्षा ना करें। इससे भी तनाव से आप बची रह सकती हैं।

**समय का प्रबंधन करें:** अगर रोजमर्रा के कामों के करने के समय का सही प्रबंधन नहीं किया जाता, तो तनाव बढ़ सकता है। अपनी दिनचर्या को प्राथमिकताओं के आधार पर व्यवस्थित करें और अनावश्यक कामों से बचें। समय को सही तरीके से मैनेज करने से आपके जरूरी काम समय पर पूरे हो जाएंगे और आप अधिक शांति महसूस करेंगी।

**स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं:** तनाव को कम करने के लिए सबसे जरूरी है एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना। व्यायाम, योग, ध्यान और पर्याप्त नींद से मानसिक शांति मिलती है। नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से ना सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है।

**मनोबल बनाए रखें:** सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें और खुद को समय-समय पर प्रेरित करने के लिए अच्छी किताबें पढ़ें या मोटिवेशनल वीडियोज देखें। जब आप खुद को सकारात्मक रूप से देखने लगती हैं तो तनाव अपने आप घटने लगता है। छोटे-छोटे लक्ष्यों को प्राप्त करके आप खुद को प्रेरित कर सकती हैं।

**परिवार-दोस्तों के साथ समय बिताएं:** जीवन का असली मजा अपने प्रियजनों के साथ आता है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से तनाव को भी कम किया जा सकता है, क्योंकि ये रिश्ते मानसिक शांति और सपोर्ट का स्रोत होते हैं।

प्रस्तुति : निकिता चौहान

आज हर किसी के हाथ में मोबाइल है। लेकिन बिजी होने की वजह से लोग बात करने की अपेक्षा टेक्स्ट मैसेजिंग अधिक करते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है, हम मैसेजिंग करते समय शिष्टाचार का ध्यान रखें ताकि किसी को हमारी कोई बात बुरी ना लगे।

# मोबाइल युग में जरूरी है मैसेजिंग मैनर्स



एडवाइस

किरण भास्कर

आज टेक्स्ट मैसेजिंग हमारी लाइफस्टाइल का जरूरी हिस्सा बन गया है। यह इस कदर जरूरी हिस्सा बन गया है कि अकेले भारतीय लोग ही हर दिन लगभग 140 अरब मैसेज, एक-दूसरे को भेजते और पाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि हिंदुस्तानी हर घंटे 5 करोड़ 83 लाख और हर एक मिनट में 9 लाख 71 हजार और हर सेकेंड में 16,194 टेक्स्ट मैसेज करते हैं। इस तरह देखें तो यह दौर एक तरह से टेक्स्ट मैसेजिंग का है। इससे पता चलता है कि हमारे सामाजिक, भावनात्मक और कारोबारी संवाद का सारा का सारा जोर मैसेजिंग पर ही है। इसकी वजह यह भी है कि जो बातें संकोचवश हम कह नहीं पाते, वो बातें आमतौर पर मोबाइल पर मैसेज कर देते हैं। इस तरह देखें तो मैसेजिंग वास्तव में संवाद की वह कला है, जिसमें हम बिना किसी तरह के संकोच में आए सामने वाले से सब कुछ कह देते हैं, साथ ही सब कुछ पढ़ने के लिए भी तैयार रहते हैं। बावजूद इसके यह नहीं कहा जा सकता कि मैसेजिंग का कोई मैनर नहीं होता। खास करके तब, जब वह हमारे आपसी संवाद का सबसे बड़ा आधार यही मैसेजिंग बन गई हो। इस स्थिति में मैसेजिंग के प्रति संवेदनशील होना और उसकी शिष्टता को जानना बहुत जरूरी है। तो आइए जानें कि मैसेजिंग के दौर में हम कैसे सजग रहते हुए इसके मैनर को बनाए रख सकते हैं।

**भेजने के पहले खुद भी पढ़ें मैसेज:** हम चाहे जितने सजग रहते हों, लेकिन आमतौर पर देखने में आता है कि जब हम मैसेज लिखते हैं तो जल्दबाजी में कई शब्द छूट जाते हैं, कई शब्द दोहरा जाते हैं। हालांकि यह एक सामान्य बात है। लेकिन यह भी सच है कि कई बार कुछ शब्दों का छूटना या कुछ शब्दों का दोहराया जाना, हमारे लिखे गए मैसेज में अर्थ का अनर्थ कर देता है। इसलिए किसी भी लिखे गए मैसेज को खुद भी एक बार पढ़ लेना जरूरी है, इसके बाद ही भेजें।

**टू द प्वाइंट लिखें:** भले आप किसी को मैसेज ही भेज रही हों, लेकिन जबरदस्ती बातों को घुमाने का कोई मतलब नहीं है। बातों को बहुत इधर-उधर करने से कई बार मैसेजिंग का हमारा मकसद पूरा नहीं होता। हम अपने मैसेज के जरिए जो कुछ बताना या समझाना चाहते हैं, बजाय उसके हमारे मैसेज से कुछ और ही ध्वनि निकलने लगती है। इसलिए किसी मैसेज को लिखते समय हमेशा टू द प्वाइंट रहें।

### लंबे मैसेज लिखने से बचें

आपको भी जब कोई लंबे-लंबे मैसेज करता है तो भले पढ़ने के बाद आपको गुस्सा ना आए और चाहे तो आनंद ही क्यों न आए। लेकिन पढ़ने के पहले एक बार दिल में जरूर कोफ्त होती है, हम भेजने वाले के लिए बड़बड़ाते हैं, 'मैसेज है या पूरी कथा पोथी।' लब्बोलुआब यह कि जब भी किसी को मैसेज करें, लंबा मैसेज लिखने से बचें।

**समय की मर्यादा समझें:** बहुत सुबह-सुबह और देर रात को मैसेज भेजना, जब तक कोई बहुत करीबी ना हो, शिष्टाचार के खिलाफ माना जाता है। समय की मर्यादा को समझें और सामान्य लोगों से सामान्य शिष्टाचार का बर्ताव करना कभी भी ना भूलें।

**मैसेज को जटिल ना बनाएं:** कई बार यह होता है कि हम व्यक्तिगत रूप से कुछ बातों को शॉर्टकट में आसानी से समझ लेते हैं। मसलन, आप अकसर आई डोंट नो लिखने की जगह आईडीके लिख देती हैं। कुलीग्स, फ्रेंड्स के बीच तो यह चल जाता है, लेकिन अगर किसी औपचारिक रिश्ते में या कारोबारी मैसेज कर रही हों तो इस किस्म के शब्द लिखने से बचें। मसलन, ओके की जगह सिर्फ के, एज सून एज पॉसिबल की जगह एएसएपी और एट द मोमेंट के लिए एटीएम लिखना कई बार कंफ्यूजन पैदा करता है। इसलिए याद रखें जब भी औपचारिक मैसेज लिख रही हों तो ऐसे अक्षरों से बचें, जो मैसेज पढ़ने में कठिनाइयां पैदा करे। मैसेज लिखने की भी एक शिष्टता होती है, इसे जरूर बरतनी चाहिए।